राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 ▶ काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया...

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




सपा के लिए बेहतर होता कि... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 29 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 115, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### नीट पर चर्चा के लिए विपक्षी सांसदों का नोटिस, खड़गे ने उठाया एयरपोर्ट के स्ट्रक्चर का मुद्दा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में नीट व एनटीए मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। कांग्रेस की रंजीत रंजन और सैयद नासिर हुसैन समेत विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने नियम 267 के अंतर्गत राज्यसभा में चर्चा कराए जाने की मांग की है। विपक्षी सांसद चाहते हैं कि नियम 267 के अंतर्गत सदन के अन्य कार्यों को स्थगित कर इन मुद्दों पर चर्चा कराई जाए। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि बुनियादी ढांचे



से जुड़े स्ट्रक्चर ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। खड़गे ने आरोप लगाया है केंद्र की मोदी सरकार का भ्रष्टाचार और आपराधिक लापरवाही इसके लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे (टी1) की छत गिरी है। इसके अलावा जबलपुर हवाई अड्डे की छत गिरी, अयोध्या की नई सड़कों की हालत खस्ता है। राम मंदिर लीकेज, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक रोड में दरारें, 2023 और 2024 में बिहार में 13 नए पुल टूटे। खड़गे ने कहा कि प्रगति मैदान सुरंग जलमग्न, गुजरात में मोरबी पुल ढहने की त्रासदी, कुछ स्पष्ट उदाहरण हैं जो मोदी जी और भाजपा के विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के बड़े-बड़े दावों को उजागर करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि 10 मार्च को जब मोदी जी ने दिल्ली एयरपोर्ट टी1 का उद्घाटन किया तो उन्होंने खुद को दूसरी मिट्टी का इंसान कहा। यह सारी झूठी वाहवाही और बयानबाजी केवल चुनाव से पहले रिबन काटने के समारोहों में शामिल होने के लिए थी। दिल्ली हवाई अड्डे की त्रासदी के पीड़ितों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। उन्होंने एक भ्रष्ट, अयोग्य और स्वार्थी सरकार का खामियाजा भुगता है। इस मुद्दे पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मार्च में प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया था, आज उसकी छत ढह गई जिसमें एक कैब ड्राइवर की दुखद मृत्यु हो गई। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री जी ने जिस जबलपुर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था, उसकी भी छत ढह गई। अयोध्या में निर्माण कार्यों के खस्ताहाल पर पूरा देश दुखी है। यह भाजपा का चंदा लो और धंधा दो का भ्रष्टाचारी मॉडल है जिससे अब पर्दा उठ चुका है।

### सेब की अर्ली वैरायटियां तैयार, बागवानों को नहीं मिल रहे खरीदार

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में होने वाले करोड़ों रुपये के सेब के कारोबार के लिए खरीदार नहीं मिल रहे हैं। उत्पादन कम होने से व्यापारी बगीचे खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उद्यान उपनिदेशक मंडी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि अर्ली वैरायटी तैयार हो रही है। जिले में 35 लाख सेब पेटी उत्पादित करने वाले मंडी जिले में



इस बार 24.47 लाख सेब पेटी उत्पादन होने की उम्मीद है। मंडियों के आढ़ती भी कम दाम के ऑफर दे रहे हैं। इस कारण व्यापारी सेब बगीचों पर हाथ डालने से परहेज कर रहे हैं। कम दामों में खरीद के बावजूद मंडियों में कहीं सेब के दाम लुढ़क गए तो व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही कारण है कि सेब की सौदेबाजी पर विराम लगा हुआ है। रेड जून, टाइड मैन, समर क्वीन सेब मंडियों में जाने के लिए तैयार है। अभी तक बगीचों में बोली का दौर शून्य है। इस बार उत्पादन भी कम हुआ है। सेब की बोली लगाने के लिए व्यापारी बगीचों में नहीं घुस रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय आजादपुर सब्जी मंडी दिल्ली के आढ़तियों ने व्यापारियों और बागवानों से बगीचे में ही 800 से एक हजार रुपये तक प्रति कार्टन सेब की खरीद कर बोली लगाने को कहा है।

# कांग्रेस ने लगाया संसद में राहुल गांधी की माइक बंद करने का आरोप,स्पीकर बोले-हमारे पास नहीं है कोई बटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट पेपर लीक के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को संसद में भारी हंगामा देखने को मिला। इसी बीच कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि लोकसभा में नीट पेपर लीक पर चर्चा की मांग करने के दौरान राहुल गांधी की माइक बंद कर दी गई।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जहां एक ओर पीएम नरेंद्र मोदी नीट पर कुछ नहीं बोल रहे, उस वक्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं। लेकिन, ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी ओछी हरकत कर युवाओं की आवाज को दबाने की साजिश की जा रही



है। कांग्रेस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि राहुल गांधी लोकसभा में अपनी बात रख रहे थे कि अचानक से उनकी माइक बंद की गई या फिर आवाज नहीं आई। जिसके बाद विपक्षी दलों के नेता माइक-माइक बोलने लगे। इस पर स्पीकर कहते हैं कि मैं माइक बंद नहीं करता हूं, यहां कोई बटन नहीं है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्थगन प्रस्ताव के नोटिस नहीं लिए जाते। उन्होंने राहुल गांधी से संसदीय व्यवस्था का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं और इसलिए आप संसदीय व्यवस्था का पालन करेंगे, ऐसी अपेक्षा है। राहुल गांधी कहते हैं कि हम विपक्ष और सरकार की ओर से हिंदुस्तान के छात्रों को एक संयुक्त संदेश देना चाहते थे कि हम इस मुद्दे को जरूरी मानते हैं। इसलिए, हमने सोचा कि छात्रों के सम्मान के लिए हम आज नीट पर चर्चा करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी की माइक से आवाज नहीं आती है, जिसको लेकर विपक्षी नेता हंगामा करने लगते हैं। इससे पहले, विपक्षी दलों के हंगामे के कारण शुक्रवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही थोड़ी देर बाद ही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## जदयू की दिल्ली में अहम बैठक आज, कई बड़े फैसले लिए जाने की संभावना

**पटना (आरएनएस)।** एनडीए में शामिल महत्वपूर्ण घटक दल जनता दल यूनाइटेड की शनिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से दिल्ली रवाना हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।

जदयू के सूत्रों की मानें तो इस बैठक में अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी और उसे लेकर कुछ बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। पिछले साल दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद नीतीश कुमार ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए थे, जिसमें महागठबंधन से नाता तोड़ना और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के समर्थन से बिहार में सरकार बनाना शामिल है।

जदयू के नेता और मंत्री मदन सहनी भी बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। दिल्ली जाने के पहले उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पार्टी में बैठकें होती रहती हैं। यह बड़ी बैठक है, कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

## सॉन्ग सुना है, हम 295 सीट जीतेंगे, एग्जिट पोल पर राहुल गांधी को याद आए सिद्धू मूसेवाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सभी एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आ गए हैं। एग्जिट पोल में एक बार फिर एनडीए सरकार बनती दिखाई दे रही है। अधिकांश एग्जिट पोल में दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर

**वे जो नैरेटिव देने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसे लेकर सच्चाई लोगों को बताना चाहते हैं। इसके साथ ही गठबंधन के कार्यकताओं को चुनाव और मतदान से जुड़े मुद्दों पर सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए हैं**

अकेले सरकार बना सकती है। हालांकि, विपक्षी पार्टियां एग्जिट पोल को नकार रही हैं और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा कर रही हैं।

इसी बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। राहुल गांधी ने इसे पीएम नरेंद्र मोदी का 'फैंटेसी पोलइ बताया है। एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने सिंगर सिद्धू मूसेवाला के गाने का जिक्र करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को 295 सीटें मिलने



जा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एग्जिट पोल नहीं है। इसका नाम 'मोदी मीडिया पोलइ है, मोदी जी का पोल है, उनका फैंटेसी पोल है। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को कितनी सीटें मिलेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, आपने सिद्धू मूसेवाला का सॉन्ग सुना है, हम 295 सीट जीतेंगे। बता दें कि देशभर में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया शनिवार शाम सातवें और आखिरी चरण के साथ समाप्त हुई। इस बार लोकसभा चुनाव सात चरणों में कराए गए। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग हुई थी और आखिरी चरण के लिए एक जून को वोट डाले गए।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सहयोगियों की मौजूदगी में दावा किया कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही है। शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर पर करीब ढाई घंटे तक इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। खड़गे ने कहा कि बीजेपी एग्जिट पोल पर चर्चा करेगी। वे जो नैरेटिव देने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसे लेकर सच्चाई लोगों को बताना चाहते हैं। इसके साथ ही गठबंधन के कार्यकताओं को चुनाव और मतदान से जुड़े मुद्दों पर सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, शरद पवार, रामगोपाल यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, चंपई सोरेन, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, डी. राजा, सीताराम येचुरी, कल्पना सोरेन और गठबंधन के कई सहयोगी शामिल रहे।

## जलभराव



**नई दिल्ली :** नई दिल्ली के जंगपुरा में बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरते वाहन।

## दत्तात्रेय ने किया जिन्दगी सौ बटा सौ पुस्तक का विमोचन

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने वीरवार को गुरुग्राम में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा की



पुस्तक जिन्दगी सौ बटा सौ का विमोचन किया। दत्तात्रेय ने प्रोफेसर ज्योति राणा की रचनाओं की सराहना करते हुये कहा कि इस पुस्तक में मनुष्य जीवन के सुखद एहसास झलक रहे हैं। जीवन में उत्साह जगाये रखने के लिये ऐसा रचनात्मक लेखन बहुत जरूरी है। उन्होंने ज्योति राणा को उनकी नयी पुस्तक के लिये बधाई दी और भविष्य में भी मनुष्य जीवन के सकारात्मक पहलुओं पर लिखने के लिये प्रेरित किया।

उन्होंने प्रोफेसर ज्योति राणा की पुस्तक में अभिव्यंजन शिल्प को उत्कृष्ट बताया। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राज नेहरू ने भी पुस्तक के विमोचन पर कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा को बधाई दी। प्रोफेसर ज्योति राणा ने पुस्तक के विमोचन के लिए राज्यपाल और कुलपति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका मंजूर

**झारखंड (आरएनएस)।** झारखंड हाई कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने इस याचिका पर तीन दिनों तक बहस और सुनवाई पूरी करने के बाद 13 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। तब से वह रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से दलीलें पेश करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा था कि जिस जमीन पर कब्जे के आरोप में ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, वह जमीन छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट के तहत भुईंहरी नेचर की है और इसे किसी भी स्थिति में किसी व्यक्ति को बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। इस जमीन की लीज राजकुमार पाहन के नाम पर है। इस जमीन पर हिलेरियस कच्छप नामक एक व्यक्ति खेती करता था और बिजली का कनेक्शन उसी के नाम पर पर है। इससे हेमंत सोरेन का कोई संबंध नहीं है। सोरेन के अधिवक्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन पर वर्ष 2009-



10 में इस जमीन पर जब कब्जा करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है। अप्रैल 2023 में ईडी ने इस मामले में कार्यवाही शुरू की और सिर्फ कुछ लोगों के मौखिक बयान के आधार पर बता दिया कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है। ईडी के पास इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि हेमंत सोरेन ने इस पर कब, कहां और किस तरह कब्जा किया। यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है।

इधर, ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि यह इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि बरियातू की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है। इस जमीन के कागजात में भले हेमंत सोरेन का नाम दर्ज नहीं है, लेकिन जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए के तहत अपराध है। इस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की उनकी योजना थी, जिसका नक्शा उनके करीबी विनोद सिंह ने उनके मोबाइल पर भेजा था। हेमंत सोरेन काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्होंने राज्य तंत्र का दुरुपयोग करते हुए खुद को बचाने के कई प्रयास किए थे। उन्हें जमानत दी जाती है तो वे फिर से जांच को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं।

**अमरनाथ यात्रा** | पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं

## जय बाबा बफार्नी के जयघोष के साथ 4,603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर यहां से रवाना किया। इस साल यह पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा 52 दिन तक चलेगी। भजन-कीर्तन के बीच 4,603 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ। पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

कुल 1,933 तीर्थयात्री उत्तरी कश्मीर बालटाल मार्ग से जा रहे हैं जबकि 2,670 तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर होकर जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों में 3,631 पुरुष, 711



महिलाएं, नौ बच्चे, 237 साधु और 15 साध्वियां हैं। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 5.45 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा काफिला सुबह 6.20 बजे नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग उसी दिन पूजा करने के बाद वापस लौट आते हैं।

इस वर्ष 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त को सावन की पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन पर समाप्त होगी। यात्रा को सुचारू और निर्बाध बनाने के लिए तीर्थयात्रा मार्गों, दोनों आधार शिविरों और मंदिर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

## दर्दनाक हादसा: तीर्थयात्रियों से भरी मिनी बस की ट्रक से जोरदार भिड़ंत,13 लोगों की मौत

**हावेरी (आरएनएस)।** कर्नाटक के हावेरी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां ब्यादगी तालुक में




शुक्रवार तड़के एक मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने कहा कि ऐसा लगता है कि बस के चालक को नींद आ गई थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# बारिश से मौसम हुआ खुशगवार बारिश से खेत जलमग्न, गर्मी से राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज शुक्रवार अल सुबह बदल गया। झमाझम बारिश के बाद गर्मी का असर कम हुआ। बारिश से जगह-जगह जलभराव बना हुआ है जिससे स्थानीय लोगों को भारी

**बरसात होने से मौसम हुआ सुहावना, किसानों के खिले चेहरे, जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को हुई परेशान**

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से मौसम सुहाना बना रहा। बारिश राहत के साथ किसानों के चेहरों पर मुस्कान भी लेकर आई है। किसानों को धान रोपाई के लिए





बारिश का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन नगरी इलाकों में नालों की साफ-सफाई ठीक न होने के कारण जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दिनों से पड रही चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी के बाद शुक्रवार सुबह झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मगर बारिश ने पालिका के सफाई दावों की पोल खोल दी। बारिश के कारण रास्तों में जलभराव हो गया। ऐसे में लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। चिलचिलाती धूप और उमस भरी भीषण गर्मी के बाद झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया जिससे आमजन सहित किसानों ने भी राहत की सांस ली। भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिल रही है । बारिश होने से सब्जी वर्गीय फसलों को भारी नुकसान हुआ है और सब्जी की फसलें खराब हो गई है। जिससे सब्जी मंडी में सब्जियां.न आने के कारण सब्जियों के दाम भी आसमान होने शुरू हो गए हैं।

झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई । वही बारिश से पेड़ पौधों को भी नया जीवन मिला। इसके अलावा झुलसा देने वाली गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अचानक सामने आए बादलों ने मौसम सुहाना कर दिया । बारिश के बाद नगर के निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। उधर बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई। बारिश से धान की फसलों को फायदा पहुंचा। वही कुछ किसानों ने बारिश के दौरान धान की रोपाई की । अच्छी बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल गए।

# डीजे संचालकों के साथ मीटिंग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चोला।** चोला थाना प्रभारी लोकेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाने पर शुक्रवार को 4 बजे डीजे संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया क्योंकि कावड़ शोभायात्रा जल्दी ही शुरू होने वाली है ताकि डीजे की आवाज इस प्रकार से बजती रहे किसी को ध्वनि प्रदूषण की कोई समस्या ना हो साथ में सब इंस्पेक्टर मन्नू सिंह चौधरी और क्षेत्र के कुशल पाल सिंह बबलू सिंह रणजीत सिंह प्रमोद महेंद्र राजेंद्र श्रीपाल कल्याण सिंह आदि क्षेत्र के काफी लोग मीटिंग में मौजूद रहे।



# ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में दहेज हत्या के 03 आरोपियों को 12-12 वर्ष कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** अभियुक्त माजिद,साजिद पुत्रगण अल्लानूर,रहीशा पत्नी अल्लानूर निवासीगण ग्राम मिर्जापुर थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर द्वारा वर्ष - 2019 में दहेज की मांग पूरी न होने पर वादी नईम अहमद पुत्र नवल खां निवासी ग्राम दोहली थाना कोतवाली देहात की भांजी की पेट्रोल डालकर आग लगा कर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 15.07.2019 को थाना कोतवाली देहात पर मुअसं0 116/2019 धारा 498ए/304बी/323 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 15.07.2019 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध 10 गवाह परिक्षित कराये गये। जिसके परिणामस्वरुप आज न्यायालय एफटीसी- 04 जनपद बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त माजिद, साजिद व रहीशा को 12-12 वर्ष का कारावास व 20,500-20,500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक वीरपाल सिंह का योगदान सराहनीय रहा है।

**20,500-20,500 रुपए के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी**



# शिक्षक ही संसार में छात्र-छात्राओं के प्रति संवेदनशील होता है : डॉ0 भूपेंद्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज शिकारपुर बुलंदशहर में चल रहे पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस के -- प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं विद्या भारती तथा संघ विभाग प्रचारक नेमपाल सिंह द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। तथा प्रतिदिन की भांति सम्मानित अतिथियों को श्रीफल और पटका पहनाकर उनका भव्य स्वागत कर वर्ग के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ हुआ ।



वर्ग के प्रथम सत्र में विभाग प्रचारक नेमपाल सिंह ने अपने व्याख्यान में गुरुकुल पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस समय की शिक्षा प्रणाली बड़ी सकारात्मक और ऊजार्वान थी उस समय की गुरुकुल पद्धति के द्वारा ही शिक्षार्थियों को भारतीय संस्कृति के विषय से परिचित कराकर राष्ट्र के लिए तैयार करना था । तथा उन्होंन अंत में कहां की बिना गुरु के जीवन अधूरा है गुरु ही उच्च शिखर तक पहुंचने में सक्षम होता है इसलिए गुरु का सम्मान और सत्कार करना हमारी संस्कृति का परम अंग है।

द्वितीय सत्र में एनआर ईसी डिग्री कॉलेज खुर्जा के प्रोफेसर डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने बाल मनोविज्ञान के माध्यम से छात्रों की समस्या एवं समाधान के विषय से अवगत कराया--- इस विषय को लेकर उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रति संवेदनशील होना अति आवश्यक है जिसके द्वारा वह उसके जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान को आसानी से हल करने में सक्षम बन सकता है तथा बताया कि बच्चे की भावना की हमेशा कद्र करनी चाहिए। जिससे बच्चे का मानसिक विकास हो सके । वह अपनी समस्या का स्वयं समाधान करने में सक्षम बन सके। बताया शिक्षक ही समाज का निमार्ता होता है । तृतीय सत्र में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य केशव कुमार जी ने आदर्श विज्ञान शिक्षण को किन किन कौशलों के माध्यम से छात्रों को विज्ञान तकनीकी द्वारा कैसे खोजी बनाया जा सके ' जो विज्ञान के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देकर समाज तथा राष्ट्रहित में कार्य कर सके ' कल्याण मंत्र के साथ तृतीय सत्र का समापन हुआ। इस आचार्य विकास प्रशिक्षण वर्ग में विद्यालय आचार्य आचार्य बंधु एवं बहिने अपस्थित रहे ।

# अधिशासी अधिकारी ने सफाई मित्रों को अंगोछा किये वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जलकर परिसर में समस्त सफाई मित्रों को अंगोछा (गमछा) वितरित किये गए।



# जेपी विद्या मंदिर मुख्य परिसर में पूर्व प्रधानाचार्य संदीप कुमार की विदाई व नए प्रधानाचार्य आरडी शर्मा के स्वागत में समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप कुमार को भावभीनी विदाई दी गई व उन्हें डॉ आर एस पंवार (वाइस प्रेसिडेंट जेपी स्कूल्स) ने चांदी का स्मृति चिन्ह व पौधा देकर सम्मानित किया।

डॉ आरएस पंवार ने संदीप कुमार के कार्यकाल को कुशल नेतृत्व व अनेकों चुनौतियों से भरा बताया ।उन्होंने संदीप कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए बताया कि विद्यालय ने इनके कार्यकाल मे चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने बताया कि संदीप कुमार को जेपी ग्रुप में शिक्षा विभाग में जनरल मैनेजर का पद प्रदान किया गया है। विद्यालय प्रबंधक डॉ केपी सिंह ने उन्हें कुशल वक्ता व विषयज्ञाता बताते हुए उनके कार्यकाल में हुए क्रियाकलापों की प्रशंसा की। उन्होंने नवनियुक्त प्रधानाचार्य आरडी शर्मा का शॉल उढ़ाकर सम्मान किया । विद्यालय के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी संदीप कुमार के कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें एक अच्छा नेतृत्व करने वाला बताया । शैक्षिक समन्वयक सोमा गांगुली ने मंच संचालन करते हुए संदीप कुमार के कार्यकाल को याद किया व इसी प्रकार आगे भी मार्गदर्शन करते रहने का अनुरोध किया। अपने अभिभाषण में संदीप कुमार ने विद्यालय में बिताए अपने कार्यकाल को याद करते हुए सभी साथियों को उनका सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही नवनियुक्त प्रधानाचार्य आरडी शर्मा का स्वागत करते हुए वाइस प्रेसिडेंट डॉ आरएस पंवार ने उन्हें कुशल व अनुभवी शिक्षाविद बताया व कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगा ।




नवनियुक्त प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालय के संस्थापक जयप्रकाश गौड़ के आदर्शों का अनुसरण करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई कीर्तिमान स्थापित करेगा। विद्यालय प्रबंधक डाक्टर केपी सिंह ने भी आरडी शर्मा का विद्यालय में स्वागत किया ।उन्होंने अपने वक्तव्य में अनुशासन पर बल देते हुए किसी भी संस्था की प्रगति के लिए अनुशासन को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर द्वारा अवैध शस्त्रों की बिक्री/लूट की घटनाएं कर सृजित सम्पत्ति कीमत लगभंग 50.72 लाख रुपये कुर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिलाधिकारी बुलन्दशहर के आदेश के अनुपालन में आज क्षेत्राधिकारी खुर्जा एवं उप जिला मजिस्ट्रेट खुर्जा द्वारा पुलिस टीम को साथ लेकर गैंगस्टर प्रेम सिंह पुत्र बादल सिंह निवासी ग्राम मुण्डाखेड़ा थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर द्वारा समाज विरोधी क्रिया-कलाप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित कर सृजित/क्रय की गयी अचल सम्पत्ति(अनुमानित कीमत 50.72 लाख रुपये) को गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए जब्त किया गया है।






**गैंगस्टर प्रेम सिंह की जब्त की गयी सम्पत्ति का विवरण-**

01 प्लाट क्षेत्रफल लगभग 168 वर्ग मीटर (कुल कीमत लगभग 42 लाख रुपये)। 01 मकान क्षेत्रफल लगभग 66.81 वर्ग मीटर (कुल कीमत लगभग 08.72 लाख रुपये।

# नगर पालिका में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शुक्रवार को कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर में जलकल परिसर पर एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा सफाई प्रभारी रितिक शर्मा,समस्त कार्य वाहक सफाई नायक, मुकेश चंद को निर्धारित रोस्टर अनुसार प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाकर समस्त वार्ड क्षेत्र की सफाई, नाले /नालियों की सफाई, एंटी लारवा का छिड़काव, रात्रि में फॉगिंग करने, जल भराव की समस्या को दूर करने, कचरा निस्तारण करने, सड़क व नालियों के किनारे उगी घास व झाड़ियां का निस्तारण करने आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में मा0 सभासदगण गौतम सूर्यवंशी, रंजीत सैनी, सूर्यकांत शर्मा,वीरेंद्र कुमार गर्ग, विनय कुमार, सत्येंद्र कुमार उर्फ भोला, मोहनलाल व समस्त सफाई मित्र उपस्थित रहे।




# किराने की दुकान में लगी भीषण आग से करोड़ों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** किराने की दुकान में लगी भीषण आग से करोड़ों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक आग का तांडव किराना की थोक विक्रेता की दुकान में लगी भीषण आग दर्जनों फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू बड़े नुकसान का अनुमान

: यूपी के बुलंदशहर में तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग किराने की दुकान जलकर हुई खाक कड़ी मसक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।आग लगने से दुकान में रखा किराने का करोड़ों रुपए का सामान जलकर हुआ राख आग लगने से क्षेत्र में अफरा तफरी का बना माहौल बुलंदशहर की देहात कोतवाली क्षेत्र के स्याना बस स्टैंड के निकट का मामला।



**सौंपा ज्ञापन** — अंसारी रोड चौराहे से अंबर सिनेमा रोड होते हुए डिप्टी गंज चौराहे तक सड़क टूटी-फूटी जर्जर हालत में है

# टूटी सड़कों को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी) ।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में आज पदाधिकारियों व सदस्यों ने शहर की समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी महोदय को ज्ञापन लिखा सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सोपा ।

विषय-: आपको अवगत कराना है कि शहर की टूटी-फूटी सड़के शहर में अतिक्रमण नालों की साफ सफाई के लिए।

1. अंसारी रोड चौराहे से अंबर सिनेमा रोड होते हुए डिप्टी गंज चौराहे तक सड़क टूटी-फूटी जर्जर हालत में है ।
2. राज दरबार के सामने से नाले के सहारे जो रोड देवीपुरा को जोड़ती है वह भी पूरी तरह से टूटी-फूटी जर्जर हालत में है
3. चार खमबो से लेकर आवास विकास चौकी तक की रोड भी गडडो से युक्त है तथा कहीं-कहीं सड़के ऊंची नीची है ।
4. शहर के डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर ना होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं रोडवेज बस स्टैंड के निकट डिवाइडर बहुत खतरनाक है रिफ्लेक्टर लगनी चाहिए जिससे आम जनता की दुर्घटना होने से बचा जा सके ।
5. काले आम से आगे नुमाइश फ्लाईओवर पार करके भूड चौराहे तक अतिक्रमण होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है दुकानदारों ने दुकान के बाहर सामान लगाना और उनके आगे रेडी ठेले वालों का लगना जाम का कारण बना हुआ है पूरा शहर अतिक्रमण से जूझ रहा है यही हाल काला आम से लेकर सयान अड्डा तक है काली नदी से धमेडा अड्डे तक काले आम से कचहरी रोड तक इन सभी का कारण दुकानदार के आगे अतिक्रमण और रोड पर रेडी व ठेला खड़े होने के कारण बना रहता है। 6. बरसात शुरू हो चुकी है शहर में सभी नाले गंदगी से अटे पड़े हैं जिससे नालों का पानी रोड पर आ जाता है जिससे घरों और दुकानों में पानी आने की संभावना रहती है कृपया नालों की सफाई के लिए जल्द से जल्द साफ करने के आदेश करें।



सिटी मजिस्ट्रेट साहब ने सभी समस्याओं का जल्द ही निस्तारण करने का हम सभी को आश्वासन दिया है।


इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय गोयल,जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष सुंदर सिंह,जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुफरान भाई ,जिला सचिव माजिद चौधरी, जिला संगठन मंत्री नरेंद्र चौधरी जिला कानूनी सलाहकार शैलेंद्र कुमार,जिला मंत्री परवेज अंसारी, मोहम्मद साजिद,जिला उपाध्यक्ष पप्पन खान ,जिला उपाध्यक्ष रईस अब्बासी, सुरेंद्र भाटी , सुरेश भाटी, संगठन दीपक अरोरा, मोनू चौधरी सहित अन्य सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे।

# निर्मल बहने दो



**डॉ रविंद्र कुमार राणा (पर्यावरणविद् एवं साहित्यकार) गुलावठी, बुलंदशहर उत्तर प्रदेश**

भारतीय संस्कृति की पहचान है गंगा।
हिन्दुस्थान की आन- बान-शान है गंगा।
सात्विक कर्म करना हमें सिखाती गंगा।
रुको कभी नहीं यही बताती गंगा।
सब धर्मों का सम्मान है गंगा।
शिवजी का वरदान है गंगा।
पापनाशिनी मोक्षदायिनी है गंगा।
हम सब की पहचान है गंगा।
विश्व-बंधुत्व, एकता को बढ़ती गंगा।
विद्वेष-भेदभाव, रोग-संताप मिटाती गंगा।
देवभूमि से निर्मल बहती हम तक आई गंगा।
पॉलिथीन, गंदगी डाल मनुज ने प्रदूषित
बनाई गंगा।
गंगा को अविरल- निर्मल बहने दो।
गंगा को पवित्र और स्वच्छ रहने दो।
गंगा में प्रदूषित जल अपशिष्ट नहीं बहाओ।
गंगा में कदापि कूड़ा-कचरा नहीं गिराओ।
पतित पावनी गंगा को प्रदूषण मुक्त
बनाओ।
जीवनदायिनी गंगा की स्वच्छता का
संकल्प उठाओ।



# नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज के निर्माण कार्यों का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गौतमबुद्धनगर (मौ. बिलाल)।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को दयानतपुर जेवर पहुंचकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज रोड़ कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इंटरचेंज निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इंटरचेंज निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयानतपुर एयरपोर्ट बाउंड्री से लेकर यमुना एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज तक के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर प्रोजेक्ट साइट का स्थलीय निरीक्षण किया,अधिकारियो के संग की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (मौ. बिलाल)।** उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर प्रोजेक्ट साइट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने एयरपोर्ट पर किये जा रहे ए0टी0सी0 टॉवर, एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य तथा एयरपोर्ट रनवे के निर्माण कार्यो का बहुत ही गहनता के साथ जायजा लिया। विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए





ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा ए0टी0सी0 बिल्डिंग के कम्पलीशन का कार्य चल रहा है, माह अगस्त तक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को बिल्डिंग में एटीसी इक्विपमेंट लगाने के लिए हस्तगत कर देंगे तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा अवगत कराया गया की इक्विपमेंट के इंस्टालेशन का कार्य माह सितम्बर तक पूर्ण हो जायेगा। रनवे पर और एप्रेन पर वर्तमान में इलेक्ट्रिक लाईट का कार्य चल रहा है। रनवे के पास नेविगेशन इक्विपमेंट के साथ-साथ ग्लाइड पाथ एंटेना और लोकलाइजर लगाये जा चुके है। मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये की सभी तरह के इक्विपमेंट जिसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लगाया जाना है उसे माह सितंबर तक पूर्ण कर लिया जायें। टर्मिनल बिल्डिंग के निरीक्षण के समय कंसेशनेयर द्वारा मुख्य सचिव को अवगत कराया गया की वर्तमान में फसेड और रूफ का कार्य प्रगति पर है तथा पियर पर फिनिशिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऑटोमेटेड बैगेज हैंडलिंग सिस्टम के इंस्टालेशन का कार्य प्रगति पर है। कंसेशनयर द्वारा यह भी अवगत कराया गया की अभी तक 37 मिलियन सेफ वर्क ऑवर का कार्य सफलता पूर्वक किया गया है। मुख्य सचिव द्वारा टर्मिनल बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार समय से माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण कर प्रत्येक दशा में माह दिसम्बर तक एयरपोर्ट का कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू किया जाये। एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों के निरीक्षण के उपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जेवर एयरपोर्ट के लिए सीआईएसएफ, सीएनएसएटीएम, सिक्योरिटी और डीजीसीए से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें सम्बंधित केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य सचिव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये निर्देश दिए कि कंसेशनयर सभी विभागों की आवश्यकता और प्रचलित नियमों के अनुसार कार्यवाही करायें और समस्या का निस्तारण माह सितंबर तक पूर्ण करायें। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि एयरपोर्ट का कॉमर्शियल ऑपरेशन प्रत्येक दशा में माह दिसंबर में प्रारंभ होना है, इसके लिए कंसेशनयर, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के साथ बैठक कर कैचअप प्लान 15 जुलाई तक प्रस्तुत करें। उन्होंने फारेस्ट डिपार्टमेण्ट को निर्देश दिये कि रेस्क्यू सेंटर का कार्य प्राथमिकता में पूर्ण कराए जाये।


इस अवसर पर सीईओ नायल डा0 अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ क्रिस्टोफ सैल्मन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारीगण और प्राधिकरण के एसीइओ कपिल सिंह और विपिन जैन उपस्थित रहे।

# अन्नू पंडित ने दादरी में युवाओं की मांग पर खेल मंत्री से खेल स्टेडियम व रनिंग ट्रेक बनवाए जाने का आग्रह किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दादरी।** जैसा कि आप सभी जानते हैं कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के मुकाबले दादरी में खेल स्टेडियम, रनिंग ट्रेक नही है जबकि दादरी को नोएडा और ग्रेटर नोएडा की जननी कहा जाता है, पिछले काफी समय से दादरी में खेल गतिविधियों में विराम सा लगा हुआ है, दादरी क्षेत्र के स्थानीय युवा दादरी नगर में खेल स्टेडियम व रनिंग ट्रेक बनवाने की मांग कर रहे हैं,दादरी के हजारों युवाओं की मांग को भाजयुमो नेता अन्नू पंडित ने लखनऊ पहुंच कर उत्तर प्रदेश सरकार में खेल विभाग माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गिरीश चन्द्र यादव को विस्तार पूर्वक अवगत कराने का काम किया, खेल राज्य मंत्री ने आश्वस्त किया है कि इस मांग पर जिम्मेदारी के साथ गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा।





# शादी के 5 दिन बाद ही पत्नी व ससुरालयों से परेशान युवक ने की आत्महत्या,सुसाइड नोट बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** शादी के पांच दिन बाद ही युवक ने की आत्महत्या घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला राहुल सैनी का शव। आत्महत्या से जुड़ा एक सुसाइड नोट भी आया सामने पत्नी और ससुरालीजनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया, शिकायत के आधार पर कार्रवाई में जुटी पुलिस। खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अहीरपाड़ा का मामला।



# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह मुखिया के नेतृत्व में निकाला पैदल मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (मौ. बिलाल)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह मुखिया के नेतृत्व में समस्त क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने से धरना स्थल से चलकर पैदल मार्च जैतपुर गोल चक्कर होते हुए विप्रो गोल चक्कर से होते हुए सभी किसान भारतीय किसान यूनियन एराजनीतिक संगठन के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचे वह सभी वक्ताओं के विचारों को देखते हुए वह पीड़ा को देखते हुए सक्षम अधिकारी धरना स्थल पर ओएसडी हिमांशु वर्मा धरना स्थल पर पहुंच गए अध्यक्ष ने सभी समस्याओं हेतु अधिकारियों से वार्ता की अधिकारियों ने मान लिया प्रति एक गांव की समस्या को दिन और टाइम निश्चित करके धरना स्थल पर ही निस्तारण किया जाएगा अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन की रूपरेखा उग्र करने की कोशिश जारी रहेगी वह अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा जब तक हमारे सभी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा इस पर सभी पीड़ित किसान सहमत हो गए आज की सभा के अध्यक्षता जयसिंह प्रधान मथुरापुर ने की संचालन डॉक्टर ने की सभा को दया प्रधान ने संबोधित किया वह राजेंद्र प्रधान ने किया वह बीरन नेताजी ने रोहित भडाना ने संबोधित किया चौधरी प्रकाश प्रधान व सभी वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा उसके लिए चाहे कितनी ही लंबी लड़ाई लड़नी पड़े जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हम यहां से धरना खत्म नहीं करेंगे सभा में उपस्थित रहे चौधरी धनेश प्रधान चौधरी रॉबिन खारी भारत प्रधान प्रकाश चौहान अनिल भाटी विक्रम भाटी हरिंदर चौधरी अनिल चौधरी सुमित भाटी चिंता मुकदम मेहकर भाटी सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बिलासपुर में नोटिस चस्पा होते ही लोगों में मचा हड़कंप,4 को क्या होगी बड़ी कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (मौ. बिलाल)।** बिलासपुर कस्बा जिसमें गुरुवार को दनकौर सिकंदराबाद मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया इसके बाद 49 दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया है बिलासपुर कस्बे में चर्चा है कि इन दुकानों पर कोई बड़ी कार्रवाई होने जा रही है बिलासपुर के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि बस स्टैंड पर इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। दीपिका शुक्ला अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिलासपुर के आदेशानुसार नगर पंचायत टीसी के नेतृत्व में श्रवण कुमार, सरजीत सिंह, रविन्द्र कुमार आदि ने स्थाई अतिक्रमण पर सूचना चस्पा करते हुए अतिक्रमणकारियों को बताया गया है कि तीन जूलाई तक स्वयं अतिक्रमण हटा लिया जाए। ऐसा नहीं करने पर नगर पंचायत दस्ता मय पुलिस बल के साथ चार जूलाई को जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने का हजार्ना नगर पंचायत अतिक्रमणकारी से वसूल की जाएगी। इसके जिम्मेदार अतिक्रमणकारी स्वयं होंगे। इस बारे में दीपिका शुक्ला ने बताया 15 जून को स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुनादी कराई गई थी कि 27 जून को अतिक्रमण हटाया जाएगा। अस्थाई अतिक्रमण वृहस्पतिवार को हटाया गया। 49 नोटिस जारी करते हुए स्थाई अतिक्रमण हटाने की नोटिस चस्पा किया गया है कि 4 जूलाई को जेसीबी मशीन द्वारा स्थाई अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके जिम्मेदार स्वयं अतिक्रमणकारी होंगे। हजार्ना नगर पंचायत कार्यालय द्वारा वसूली की जाएगी।




# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पकड़ा मिलावटी पनीर,मिलावट खोरो में हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** सेहत के दुश्मनों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की,जिससे मिलावटखोरो में हड़कंप मचा हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने बताया कि एफडीए की टीम ने परतापुर गांव में एक गाड़ी को पड़कर भारी मात्रा में दूषित और सिंथेटिक पनीर बरामद किया है जिसके नमूने लिए गए हैं शेष दूषित पनीर को नष्ट कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार की टीम ने गुलावठी सैदपुर रोड पर एक गाड़ी को पकड़ा जो पनीर की सप्लाई कर वापस लौट रही थी गाड़ी के अंदर आइस बॉक्स में काफी मात्रा में दूषित पनीर बरामद हुआ जिससे दुर्गंध आ रही थी दूषित और सिंथेटिक पनीर के नमूने लिए गए हैं और उन्हें जांच के लिए भेजा गया है।



# गाजियाबाद में बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की रफ्तार, निगम ने किया City EV Accelerator वर्कशॉप आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद को ईवी लाइट हाउस सिटी बनाने का निगम का प्रयास- नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजना के क्रम में City EV Accelerator वर्कशॉप का साहिबाबाद क्षेत्रान्तर्गत, कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू होटल के अम्बर हॉल में भव्य आयोजन हुआ जिसमें जिलाधिकारी महोदय इंद्र विक्रम सिंह, महापौर सुनीता दयाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वी सी अतुल वत्स, सी.डी.ओ अभिनव गोपाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, दिल्ली सरकार से शहजाद आलम स्पेशल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे, आर.एम.आई. इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर सहमिता द्वारा उपस्थित जनों का प्लांट देकर स्वागत किया गया, उपस्थित जनों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की तथा गाजियाबाद को किस प्रकार इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के प्रति जागरूक करना है विस्तार से चर्चा हुई।नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि आयोजित कार्यशाला में गाजियाबाद नगर निगम के अलावा अन्य प्रशासनिक सरकारी विभाग भी शामिल हुए जिसमें यूएसआरटीसी, परिवहन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल विभाग, विद्युत विभाग आवास विकास परिषद व अन्य सरकारी विभागों ने भी उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में प्राइवेट सेक्टर से विकल बनाने वाली कंपनियों ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया जिसमें बजाज हीरो, महिंद्रा, पिज्जो, बी ए डी की रिप्रेजेंटेटिव उपस्थित हुए जिनके द्वारा टू व्हीलर थ्री व्हीलर तथा फोर व्हीलर व्हीकल बनाए जाते हैं अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग को लेकर अपना-अपना पक्ष सभी के द्वारा रखा गया, चार्जिंग पॉइंट लगाने वाले स्टैटिक्स, अदानी, के द्वारा अधिक से अधिक शहर में चार्जिंग पॉइंट लगाने के लिए अपना विषय रखा गया इसी के साथ-साथ ऐसी कंपनियां जो इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल का अधिक से अधिक इस्तेमाल करती हैं उन्होंने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसमें जोमैटो, युलो, दिल्लीवरी व अन्य संबंधित ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा अपना एक्सपीरियंस भी सभी से साझा किया' जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल के प्रति मोटिवेट किया तथा सभी को एकजुट होकर शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के क्रम में इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया अधिक से अधिक इंडस्ट्रीज भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने आवाहन किया गया।

**महापौर सरकारी तथा प्राइवेट विभाग मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल को दें बढ़ावा : डीएम**




**कार्यक्रम** — कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई

# आईटेप पर राष्ट्रीय संवेदनीकरण कार्यशाला शिक्षकों की शिक्षा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर (मौ. बिलाल)।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संवेदनशीलता केंद्र ने एक महत्वपूर्ण आयोजन किया: आईटेप (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) पर राष्ट्रीय संवेदनीकरण कार्यशाला। राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण परिषद (एनसीटीई) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षिक संस्थानों में आईटेप के गहरे बोध और कार्यान्वयन को बढ़ावा देना था कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जैसे कि शंजय कुमार, सचिव, शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार; प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय; प्रोफेसर पंकज अरोड़ा, एनसीटीई के अध्यक्ष; प्रोफेसर शशिकला वंजारी, कुलपति, नाईपा; और केसांग वांजरी, एनसीटीई की सदस्य सचिव। समारोहीय वातावरण में सभी महानुभावों का स्वागत किया गया।अपने स्वागत भाषण में, प्रोफेसर पंकज अरोड़ा ने आईटेप की परिवर्तनात्मक दृष्टि को जोर दिया, इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ संरेखित करते हुए कहा कि 2020 से आईटेप को 42 संस्थानों ने 4 वर्षीय एकीकृत बीएड कार्यक्रम के रूप में अपनाया है, जबकि 2024 में इसे और 22 संस्थानों में शुरू करने की योजना है। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्यान समावेशी शिक्षा, भारतीय ज्ञान प्रणालियों और आधुनिक शिक्षण-शिक्षा विधियों पर है, जो शिक्षा के विकस्त दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मुख्य अतिथि संजय कुमार ने एक विचार-जनक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को आधुनिक परिवर्तनों के साथ अनुकूलित करने और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने भारत के युवा जनसांख्यिकी विशेषाधिकार की प्रशंसा की और एनईपी 2020 में पूर्णता शिक्षा और अन्तर्विष्ठि पहलुओं पर जोर दिया। एनसीटीई की सदस्य सचिव केसांग वाय. शेरपा ने आईटेप में बहु-विषयक शिक्षा के महत्व को उजागर किया, इसे अपने सहयोग से रीहेविलिटेसन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) के साथ और शिक्षा का व्यापारिकरण नहीं होने देने के लिए जोर दिया। अतिथि प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आईटेप का प्रस्तावित उपयोग की सराहना की और शिक्षा पेशेवरी को आकर्षक और विश्वसनीय बनाने के लिए विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और बेहतर प्रोत्साहन प्रदान करने की सलाह दी।प्रो शशिकला वंजारी, नाईपा के उपाध्यक्ष, ने एनईपी 2020 के सिद्धांतों का पालन करते हुए अन्यता-सम्मिलित शिक्षा का महत्व और नीति के उद्देश्यों के साथ समर्थन दिया।

उद्घाटन सत्र को एनसीटीई के शिक्षाविद सलाहकार डीके चतुर्वेदी ने धन्यवाद दिया, सभी भागीदारों और सहयोगियों के योगदान के लिए।

आईटेप पर राष्ट्रीय संवेदनीकरण कार्यशाला ने भारत में शिक्षक शिक्षा को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम मार्क किया, जो शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए समर्थन और सहयोग को बढ़ावा देता है।





# यूपी पुलिस तीन नए कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार

## नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है : डीजीपी प्रशांत कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि यूपी पुलिस तीन नए कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को ट्रेनिंग व परीक्षा लेकर और तकनीक से परिचित कराकर नए कानूनों से अवगत कराया गया है। साथ ही यह भी घोषणा की है कि पहली जुलाई को जब ये कानून लागू होंगे तो प्रदेश के हर थाने पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय एवम उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में तीन नए आपराधिक कानूनों पर मीडिया कर्मियों के लिए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी लखनऊ) की ओर से वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीजीपी ने यह भी कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीडन न हो। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता- 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा नै न्याय मिले। नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए है। इस अवसर पर अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है, जिससे सूचना दर्ज किए जाने के



दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) तिलोत्मा वर्मा ने कहा कि नए कानूनों से पुलिस अधिकारियों को अवगत कराने के लिए पूरे प्रदेश में वृहदस्तर प्रशिक्षण कार्य किया गया है। ये एक चुनौती होगी कि लोग पुराने कानूनों को भूलकर नए कानूनों का अनुसरण करें। नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरूआत हुई है। पुराने कानून हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में कार्रवाई को प्राथमिकता देने की बजाय ब्रिटिश ताज की सुरक्षा को प्राथमिकता देते थे।

तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। भारतीय आल्ना वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा भारत के लिए और भारतीय संसद दवारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। तीनों नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से प्रभावी होंगे।

इन कानूनों के लागू होने के बाद अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय।

# आरडब्लूए के कार्यकारणी सदस्य को दी जन्मदिन की बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव की आरडब्लूए



कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व महासचिव जी सी गर्ग को गुरुवार को उनके जन्मदिन पर आरडब्लूए के पदाधिकारियों और बाकी सदस्यों ने उनके घर पहुंच कर बधाई दी। इस मौके पर लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर बुके देकर और केक कटवाकर उन्हें बधाई दीं और उनकी दीघार्यु की प्रार्थना की। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने जीसी गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि वह उनके परिवार की तरह हैं। हमेशा छोटों से प्यार और साथियों के साथ स्नेहवत व्यवहार रखना उनका स्वभाव है। इस अवसर पर जीसी गर्ग ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जज ए बी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अमित शर्मा,विजय चौधरी, ऋषभ भारद्वाज , संदीप शर्मा,अमरपाल सिंह ,सुरेंद्र सिंह राजपूत, रविंद्र रिहानी , गौरव बंसल, राजीव चतुवेर्दी सहित ए के जैन आदि मौजूद रहे।

# समरकूल ग्रुप से जुड़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति हमारे गोल्डन परिवार का सदस्य है: संजीव गुप्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद समरकूल की अकाउंट हेड इंदिरा किशोर की सेवानिवृत्ति पर संजीव गुप्ता व राजीव गुप्ता ने दी। उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ की । समरकूल के नंबर वन ब्रांड बनने का श्रेय संजीव गुप्ता ने दिया, अपने कर्मठ एवं समर्पित गोल्डन परिवार के सदस्यों को शुक्रवार, समरकूल होम एप्लायंसेज ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता अपने कुशल एवं मधुर व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। अपनी छवि को चीरतार्थ करते हुए करते हुए संजीव कुमार गुप्ता व राजीव गुप्ता ने अपनी कंपनी की एकाउंट्स हेड इंदिरा किशोर की



सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। समरकूल ग्रुप में इंदिरा किशोर का सफर बतौर एकाउंट्स हेड के तौर पर दो दशकों से भी अधिक का रहा है। इस अवसर पर कंपनी के समस्त स्टाफ ने मिलकर केक काटकर, उनको शुभकामनाएं भेंट की।

संजीव गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि समरकूल ग्रुप से जुड़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति हमारे गोल्डन परिवार का सदस्य है। और हम उन सभी को साथ लेकर चलते हैं। जिसके फलस्वरूप आज समरकूल ब्रांड नंबर वन पर पहुंच सका है। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, रोहित गोयल, पंकज नोटियाल, अजय माथुर, तरूण कुमार, संदीप जैन, आदि उपस्थित रहें।

# हादसों का शहर कहे या भूल भुलैया यह क्या हो रहा : सड़क पर नग्न घूम रही 25 साल की लड़की, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल"


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एक नग्न अवस्था में सड़क पर घूमती नजर आई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा । यह वीडियो काफी हैरान करने वाला है। उत्साहित, वायरल वीडियो में नग्न अवस्था में सड़क पर घूमते हुए स्वस्थ को वहां से गुजर रहे किसी भी आदमी ने न तो रोका और न ही किसी ने उसे कपड़े पहनने की जहमत की। पुलिस इस वायरल वीडियो को लेकर जांच कर रही है।

शहर के सबसे व्यस्त चौराहे का है वीडियो बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो करीब 2 दिन पुराना है। यह वीडियो गाजियाबाद के मोहननगर चौराहे का बताया जा रहा है। वीडियो देर शाम का है। 10 सेकंड के इस वीडियो में एक करीब 25 से 30 वर्षीय उम्र की एक युवती सड़क पर नग्न अवस्था में घूमती नजर आ रही है। उस समय सड़क पर







काफी ट्रैफिक चल रहा होता है। फुटपाथ पर खड़े एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल से यह वीडियो बनाया है। आस-पास के अन्य लोग भी इस लड़की को देखकर गुजर रहे हैं। गाड़ियां जा रही हैं, ई-रिक्शा खड़े हैं। 50 मीटर पर हैं दो पुलिस चौकियां युवती कौन है, कहां रहती है, कहां से आई है कमिश्नररेट होते हुए भी कई सवाल खड़े करता है इस अवस्था में क्यों घूम रही है...इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस स्थान से कुछ ही दूरी पर गुलाबी बूथ पुलिस चौकी है। इसके अलावा एक पुलिस चौकी गाजियाबाद जाने वाली रोड पर है। फिर भी पुलिस को इस मामले की जानकारी नहीं मिली है।

बुधवार रात को जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और कुछ मीडियाकर्मियों ने मामले की जानकारी लेने के लिए फोन किया तो मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पुलिस का बयान इस संबंध में पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। वीडियो में दिख रही युवती की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस उसे तलाश रही है।"

# सनसनीखेज वारदात,टैक्सी मालिक की हत्या कर शव को हरियाणा के जंगल में फेंका,एक फोन कॉल से खुला राज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र की असंल कालोनी निवासी लापता टैक्सी मालिक की हत्या कर शव को हरियाणा के जंगलों में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि टैक्सी

**गाजियाबाद में क्राइम थमने का नाम नहीं ले रहा है हत्या जैसी बड़ी वारदातों को दिया जा रहा है अंजाम**

मालिक 21 जून को दो टैक्सी चालकों के साथ कार की मरम्मत कराने घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता थे। फारूख और शाहरुख के साथ थे निकले ट्रानिका सिटी के अंसल कॉलोनी निवासी चंद्रभान ड्राइवर से टैक्सी मालिक है। उसकी एक



टैक्सी वैगनआर को पूजा कॉलोनी निवासी दो सगे भाई फारूख और शाहरुख चलाते थे। चंद्रभान के परिजनों ने बताया कि 21 जून को चंद्रभान ड्राइवर फारूख और शाहरुख के साथ कार की मरम्मत कराने पावी सादकपुर में आदिल मिस्त्री के यहां गया था। तब से उसका पता नहीं चला। 22 जून को मिला शव 22 जून को उसके परिजनों ने ट्रानिका सिटी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोनीपत के जंगल में मिला शव हरियाणा के सोनीपत के कोंडली थाना क्षेत्र के जंगलों में 22 जून को पुलिस ने चंद्रभान का शव बरामद किया था। उसकी पहचान नहीं हो पाने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। सूचना मिलने पर सोनीपत पहुंची टेक्नो सिटी पुलिस ने उसकी पहचान चंद्रभान के रूप में की। फारूक और शाहरुख पर आरोप पोस्टमॉर्टम के बाद चंद्रभान का शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी भाई फरार हैं। परिजनों का आरोप है कि फारूक और शाहरुख ने चंद्रभान की हत्या कर शव फेंका है। गिरफ्तारी के बाद हत्या का चलेगा पता एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।"

# आठ बदमाशों को एडिशनल सीपी की कोर्ट ने किया जिलाबदर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** समाज में भय फैलाकर लोगों को प्रभावित करने वाले अपराधियों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उन्हें जिलाबदरा कर रही है।

इस साल अब तक पुलिस 400 से अधिक अपराधियों को जिलाबदर कर चुकी हैऔर बड़ी संख्या में अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने के आदेश दिए गए हैं।

अपराधी नियमित रूप से थाने पर हाजिर हो रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार



को हत्या,लूट, जानलेवा हमला, डकैती, घातक हथियारों से लैस होकर बलवा करना, आपराधिक बल का प्रयोग करना, सरकारी कार्य में बाधा डालना, चोरी, रेप समेत अन्य प्रकार के अपराधों में शामिल आठ अपराधियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। अपराध कर लोगों में भय उत्पन्न करने वाले आठ अपराधियों को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी. की कोर्ट ने गुंडा एक्ट के तहत छह महीने के जिलाबदर किया गया है। इन आरोपियों में मुरादनगर निवासी शाहनवाज उर्फ गूंगा, लोनी निवासी इमरान, इंदिरापुरम जज कालोनी निवासी हर्देश चौहान उर्फ सोनू, अर्थला निवासी दिलशाद मलिक, करहेड़ा निवासी सोमवीर, भूड़गढी निवासी आजाद, मुरादनगर निवासी उदित त्यागी और अंकुर विहार निवासी आमिर शामिल हैं।

इन बदमाशों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि इन बदमाशों के जिला बदर होने से जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। इस साल अभी तक पुलिस 408 बदमाशों को जिले के बाहर कर चुकी है। साथ ही 67 को संबंधित थाने में हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# श्रीकांत त्यागी का नया फ्रॉड आया सामने,एमएलए गाड़ी पर लगा स्टीकर से पता चलता है कि कितना बड़ा चीटर: डॉ.बीपी त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कार पर लगा एमएलए का स्टीकर देखकर सब पता चलता है जो आदमी कभी इलेक्शन लड़ा ही ना हो बिना इलेक्शन लड़े एमएलए कैसे बन गया क्या इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए? क्या फर्जी स्टीकर लगाना और रोब दिखाना किस ओर इशारा कर रहा है? दरअसल इसी अंदाज में जनता को ठगने का ये तरीका श्रीकांत त्यागी ने अपनाया हुआ था, ओमेक्स सोसाइटी नोएडा की एक सम्मानित महिला का प्रकरण तो सभी को याद होगा जब श्रीकांत त्यागी की कार पर एमएलए का स्टीकर था और उसको सजा हुई थी। लेकिन सबसे अधिक मायने रखने वाली बात ये है कि आज भी श्रीकांत त्यागी का फोन मिलाने पर ट्रूकॉलर श्रीकांत त्यागी एमएलए ही दिखा रहा है। आखिर यह क्या संदेश देता है क्या अभी भी श्रीकांत त्यागी को किसी का संरक्षण मिला हुआ है, प्रदेश की जनता को धोखा देना श्रीकांत त्यागी की आदत में शामिल हो चुका है। इस बाबत डॉ बीपी त्यागी कहते हैं कि हमारा समाज भोला-भाला समाज है मुझे डर इस बात का है कि कहीं श्रीकांत त्यागी की पार्टी समाज को चंदे की नाम पर ठगने का काम तो नहीं कर रहा है?, डॉ त्यागी ने कहा कि उन्हें तो श्रीकांत त्यागी ने अपने जाल में फंसा कर ठगा ही है, इसीलिए वह चाहते हैं कि बहुतेरे लोग ऐसे भी हैं जो इसके बिछाए हुए जाल में फंस सकते हैं और उनका सबकुछ बर्बाद जैसा हो सकता है।

इसलिए मेरा सभी लोगो से हाथ जोड़कर निवेदन है कि श्रीकांत त्यागी के जाल में और कोई न फंसे। वर्ना यह ऐसा शख्स है जो सबकुछ बर्बाद करने का काम करता है। उन्होंने कहा



कि शासन प्रशासन को चाहिए कि वह इस धोखेबाज पर शिकंजा कसे, उन्होंने कहा कि समाज की आंखों में धूल झोंक रहा है। डॉ त्यागी ने कहा कि वह खुद भावनाओं में बह गए थे जिसके चलते उन्होंने इतना बड़ा नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि जहां तक श्रीकांत त्यागी प्रकरण की बात की जाए तो यह कहना कतई भी गलत नहीं होगा कि उन्होंने एक महिला होने नाते अन्नू त्यागी का सपोर्ट किया था, श्रीकांत त्यागी का नहीं किया, पार्टी में वह कतई नहीं जुड़ना चाहते थे परन्तु वह इसी शर्त पर जुड़े थे कि समाज के लोगों और त्यागी बिरादरी की पार्टी होने के चलते वह जुड़े जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

# उद्योग बन्धुओं के प्रकरणों का किया जाए गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निस्तारणः इन्द्र विक्रम सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह अध्यक्षता व सीडीओ अभिनव गोपाल की गरिमामयी उपस्थिति में उद्योग बन्धु की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी उद्योग बंधुओं को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की बधाई एवं ढेरों शुभकामनाऐं प्रेषित की गई। एमएसएमई सेक्टर में प्राप्त की गई उपलब्धियों एवं पंजीकृत इकाइयों एवम निर्यात के विषय में उपायुक्त उद्योग के द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुत प्रकरणों के त्वरित करें निस्तारणः बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ऐसे प्रकरण जिन पर शासन एवं विभागीय मुख्यालय स्तर से कार्यवाही





स्वीकृति अपेक्षित है, को मंडल स्तरीय उद्योग बंधु को अग्रसारित किए जाने हेतु किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें एवं भविष्य में सभी विभाग सुनिश्चित कर लें कि निर्धारित समय सीमा उपरांत कोई भी प्रकरण पोर्टल पर लंबित न रहे। मुख्यमंत्री शिशिक्षु योजना का बने हिस्सा जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री शिशिक्षु योजना की समीक्षा के दौरान औद्योगिक संगठनों एवं उद्यमियों से नैप्स पोर्टल पर औद्योगिक इकाइयों को पंजीकृत करने एवं इकाई की मांग के अनुसार अप्रेंटिस की मांग पोर्टल पर अपलोड करने हेतु अपील की गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, श्रीनाथ पासवान द्वारा किया गया। प्रतिभाग बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी गणमान्यों को दिनांक 28 जून 2024 को प्रातः 10:30 बजे से कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू होटल में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी तथा उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**हेट स्पीच** | यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे देश व समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे


# संगम विहार मामले में सीबीआई जांच की मांग, शकील सैफी ने दायर की याचिका

**अब्दुल सलाम सैफी**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संगम विहार इलाके में गोवंश का कटा सिर मिलने और इसके बाद हेट स्पीच के मामले में वर्ल्ड पीस हामोर्नी के चेयरमैन शकील सैफी ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

यही नहीं घटना के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हेट स्पीच को लेकर भी शकील सैफी ने अपनी याचिका में आपत्ति दर्ज कराई है और कहा है कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे देश व समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे। दिल्ली के संगम विहार इलाके में बीते गुरुवार को गोवंश का कटा सिर मिलने के बाद सनसनी फैल गई थी। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा वारदात को अंजाम देने वाले शख्स का पता न लगा पाने पर रविवार को हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। वहीं, विरोध प्रदर्शन के बाद एक नेता का सोशल मीडिया पर एक नेता का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में मुस्लिमों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया जा रहा था। जिसके बाद इलाके के मुस्लिमों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

जेल के सलाखों के पीछे भेजे। याचिका में कहा गया है कि हेट







स्पीच के बाद इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया था, ऐसे में उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वकील कल्पना झा के जरिए दायर की गई याचिका में शकील सैफी ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है और कहा है कि अगर जरुरत पड़े तो स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन कर मामले की जांच कराई जाए।

शकील सैफी ने अपनी याचिका में इस मामले में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं हैं और कहा है है कि इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता संदेह पैदा करती है।

शकील सैफी ने हेट स्पीच की घटना की निंदा करते हुए प्रधान मंत्री मोदी जी व ग्रहमंत्री से कहा है कि इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग भी की है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आवेदन की वेबसाइट पर कैसे करें आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निदेशालय, समाज कल्याण, उ०प्र०, लखनऊ के जिलाधिकारीको सम्बोधित पत्र में दिनांक 18.06.2024 के माध्यम से चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का कुल लक्ष्य 1434 लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्धारित किया गया है।

इस योजनान्तर्गत रू0 2.00 लाख की वार्षिक आय सीमा वाले परिवार की कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष हो, द्वारा वेबसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in/ पर स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन पत्र के साथ कन्या व वर का फोटो तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य है। नगरीय क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित नगर निगम ,, नगर निकाय के कार्यालय में जमा किया जायेगा व ग्रामीण क्षेत्र में आवेदन पत्र संलग्नकों सहित सम्बन्धित विकास खण्ड कार्यालय में जमा किया जायेगा।

योजनान्तर्गत रू0 10,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सैट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घडी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। नगर निगम ,, नगर निकाय ,,विकास खण्ड स्तर से जाँचोपरान्त पात्र पाये गये आवेदकों की पुत्री के सामूहिक विवाह उपरान्त कन्या के बैंक खाते में रू0 35,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। अतः सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की श्रेणी में आने वाले अभिभावकों से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में आवेदन करते हुये योजना का लाभ लेना सुनिश्चित करें।अमर जीत सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद।

# गाड़ी से लाखों की नकदी चोरी करने की घटना का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार 9.16 लाख रुपए व चार मोबाइल बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिले के थाना हापुड देहात व जनपदीय एसओजी की संयुक्त टीम ने नई मंडी के बाहर से व्यापारी की गाड़ी से लाखों की नकदी चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर 9.16 लाख रुपए व चार मोबाइल बरामद किए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जनपदीय एसओजी व थाना हापुड़ देहात की संयुक्त पुलिस टीम ने नई मण्डी के पास खड़ी व्यापारी की गाड़ी से लाखों रुपये की नकदी चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किये गये 9.16 लाख रुपये व चोरी के रुपये से खरीदे गये 02 मोबाइल फोन (एप्पल व ओप्पो) सहित 04 मोबाइल फोन, एक बैग व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। उन्होंने बताया कि तीन बदमाशों के नाम पिलखुवा के मोहल्ला गढ़ी निवासी आलोक,अमन व अभिषेक को एनएच-9 पर मेरठ कट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी किये गये 9. 16 लाख रुपये व चोरी के रुपये से खरीदें गए 2 मोबाइल फोन (एप्पल व ओप्पो) सहित 04 मोबाइल फोन, बाईक बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं जिनके द्वारा लगातार कई दिनों से मण्डी के व्यापारियों की रैंकी की जा रही थी तथा मौका पाकर गत 20 जून को थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में व्यापारी की गाड़ी से 12.50 लाख रुपये चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था।





# डिप्टी सीएम से गंगा एक्सप्रेस-वे ब्रिज की ऊंचाई बढ़वाने को सौंपा ज्ञापन

## जि.पं.चेयरमैन पति,भाजपा नेता व अन्य ने उठाई मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद से गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस-वे पर गांव मतनौरा में ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री व यूपीडा चीफ को ज्ञापन सौंपा। जिला पंचायत अध्यक्ष पति,भाजपा नेता प्रमोद नागर,सुन्दर नेताजी छतनोरा व अमित मुखिया मतनोरा ने लखनऊ जाकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व यूपीडा के चीफ मनोज सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सचिव एसपी गोयल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि जनपद हापुड़ से गंगा एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है। गांव मतनोरा में पुल की ऊंचाई कम होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने ज्ञापन में मतनौरा में ब्रिज की ऊंचाई बढ़वाने की मांग की है।





# परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने रोली टीका लगाकर बच्चों का किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**भगतपुर-टाण्डा(आसिफ सैफी)।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश समाप्त हो गया। शुक्रवार को पहले दिन जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो शिक्षकों ने रोली टीका लगाकर उनका स्वागत किया। स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल रहा।मिड डे मील में बच्चों के लिए हलवा और खीर बनवाई गई।परिषदीय स्कूलों में एक जुलाई से बकायदा पठन-पाठन शुरू होगा। गौरतलब है कि 18 मई को पढ़ाई के बाद विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश हो गया था।जिसे भीषण गर्मी के मद्देनजर बच्चों के लिए 27 जून तक बढ़ा दिया गया था।शिक्षक 25 जून से स्कूल पहुंचकर साफ-सफाई का कार्य अंजाम दे रहे थे। शुक्रवार को छुट्टियों के बाद बच्चों के लिए भी स्कूल खुल गए, पहले दिन बच्चे स्कूल आए तो शिक्षकों द्वारा उनका रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया।कई स्कूलों में बच्चों को मालाएं भी पहनाई गयीं।समर कैंप का भी आयोजन किया गया।बच्चों ने विविध गतिविधियों में भाग लेकर खूब मस्ती की।दो दिन शुक्रवार व शनिवार विद्यालय संचालन का समय सुबह 7.30 से 10 बजे तक रहेगा।इस दौरान समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। वहीं एक जुलाई से विद्यालय सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित होंगे और नियमित पठन पाठन का आयोजन किया जाएगा।प्राथमिक विद्यालय चक भीमराव के शिक्षक मौ0 लईक सैफी ने बताया कि शुक्रवार को पहले दिन स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों द्वारा बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल में उत्सव जैसा माहौल रहा। समर कैंप का आयोजन भी किया गया।




# एचपीडीए ने बुलडोजर से 20100 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई : सचिव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ के निर्देश पर गत जून माह में ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान में पिलखुवा विकास क्षेत्र में 20100 वर्ग मीटर में अवैध रूप से काटी जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

- **जनता से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य करें**
- **एचपीडीए का ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान जारी रहेगा**

हापुड़- पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पिलखुवा विकास क्षेत्र में ग्राम खेड़ा में राजेन्द्र कुमार द्वारा 2600 वर्ग मीटर,ग्राम अचपलगढ़ी में अजय कुमार व अमित द्वारा 7500 वर्ग मीटर, खैरपुर दहपा रोड अचपलगढ़ी में सीताराम सैनी, इलियास व आबिद द्वारा खैरपुर दहपा रोड अचपलगढ़ी में 6000 वर्ग मीटर व में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।

उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणो को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निर्माणो को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर प्रवर्तन प्रभारी प्रवीण गुप्ता,अवर अभियंता सुभाष चंद चौबे,राकेश सिंह तोमर व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।





**अवैध कालोनी में प्लाटिंग को ध्वस्त करता एचपीडीए का बुलडोजर व प्रदीप कुमार सिंह**

# नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व ब्रांड एम्बेसडर ने स्वच्छता योद्धा नाला गैंग के सदस्यों को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** नगर पालिका परिषद मुरादनगर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छता योद्धा नाला गैंग के सदस्यों को मुरादनगर नगर पालिका परिषद परिसर में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शेलंद्र कुमार सिंह, नगर पालिका के एसआई अनिल शर्मा, नगर पालिका की ब्रांड एम्बेसडर दुर्गेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान पाकर नाला गैंग के सदस्य काफी खुश नजर आए। इस मौके पर ब्रांड एम्बेसडर दुर्गेश शर्मा ने कहा कि नाला गैंग एक ऐसी गैंग है जो शहर के नालों में उतर कर उनकी सफाई करती है। कड़ी धूप हो या बारिश या हो सर्दी उनको नालों में उतर कर ही सफाई करनी पड़ती हैं। यह नाला गैंग बहुत ही बधाई की पात्र हैं सबसे ज्यादा मेहनत का कार्य यह लोग करते हैं। दुर्गेश शर्मा ने शहर वासियों से अपील की कि एक बार नाला गैंग के सदस्यों को नाले में काम करते जरूर देखें जब इनको आप देखोगे तो नालों में कूड़ा डालना बंद कर दोगे। कहा नाला गैंग की कड़ी मेहनत को देखते हुए आज इनको सम्मानित किया गया।




# श्रद्धालुओं से भरा कैंटर ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा,14 घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बीते गुरुवार की रात्रि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में धनौरा कट पर श्रद्धालुओं से भरा एक कैंटर ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिससे कैंटर में सवार करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पाकर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पांच की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया। सभी श्रद्धालु नगर कोट से यात्रा कर घर वापिस लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लुखराड़ा निवासी गंगे अपने परिजन व अन्य लोगों के साथ कैंटर में सवार होकर नगर कोट की यात्रा पर गए थे। बताया गया कि गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे जब वह वापस लौट रहे थे। तो हाईवे 334 पर धनौरा कट के पास कैंटर ट्रक अनियंत्रित होकर एक खाई में पलट गया। मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इसी बीच किसी ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेश कुमार भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घायलों को गढ़ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।

- **चिकित्सकों ने 5 घायलों को मेरठ रेफर किया**
- **घायल श्रद्धालु नगर कोट से यात्रा कर घर वापिस लौट रहे थे**

इस घटना में सिंभावली थाना क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद निवाली मोहित,ग्राम भरना निवासी शेंकी, जनपद बुलंदशहर के बीबीनगर निवासी सीमा, ग्राम सेहरा थाना बीबीनगर जनपद बुलंदशहर दीपक, ग्रेटरनोएडा के सूरजपुर निवासी राज, गोविंदपुरी गाजियाबादा निवासी कपिल, ग्राम कांवी थाना पिलखुवा निवासी गुलाब सिंह, थाना बाबूगढ़ के ग्राम लुखराड़ा निवासी पूनम, करण,गंगे, रूपा हैं। जबकि अन्य घायलों के हल्की चोट आई है।



**सौंपा ज्ञापन** — प्रेस वार्ता कर झूठे आरोपों से त्रस्त अधिवक्ता है आहत, हड़ताल पर गए अधिवक्ता

# धौलाना तहसील बार अध्यक्ष पर अनर्गल झूठे आरोप लगाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज ना होने पर भड़के धौलाना के अधिवक्ता,सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़ में प्रेस वार्ता कर कर धौलाना के गांव कंदौला निवासी वरिष्ठ सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता व धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया पर फर्जी आरोप लगाकर सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने के आरोपी के खिलाफ अभी तक पुलिस द्वारा कोई मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होने पर शुक्रवार को धौलाना पंजीकृत बार के अधिवक्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। एकत्र अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन नायब रहसीलदार को सोपा । साथ ही चेतावनी जारी की यदि जल्द ही बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया के शिकायती पत्र पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होती तो धौलाना पंजीकृत बार के अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे । जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी । धौलाना पंजीकृत बार के अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने बताया की प्रेस वार्ता के दौरान आरोपी ने अधिकारियों के साथ उन्हे फर्जी रूप से आरोपित कर गणमान्य लोगो पर भी गंभीर और झूठे आरोप लगाए थे । जिससे उनकी मानहानि हुई । तभी धौलाना के लोगो के साथ अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम महोदय और एसपी महोदय को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की मांग की थी । लेकिन घटना के चार दिन बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही किए जाने पर शुक्रवार को अधिवक्ता भड़क उठे । उन्होंने डीएम महोदया को प्रेषित अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार अमर पाल सिंह को सौप आरोपी के खिलाफ जल्द मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की । इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मोजूद रहे ।




# तीन दिन पहले अध्यापक के घर हुई लाखो की चोरी में कपूरपुर पुलिस की लचर कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** धौलाना तहसील के कपूरपुर थाने के गांव सपनावत के उदय प्रताप इंटर कालेज में अध्यापक दीपक सेंगर परिवार के साथ गांव सपनावत में ही किराए के मकान में रहते है । ग्रीष्म कालीन छुट्टियों में वे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गए हुए थे । 25 जून को वापस लोटे तो उनके घर के अंदर कमरों के ताले टूटे पड़े थे । उन्होंने कमरों के अंदर जाकर देखा तो अलमारी संदूक सेफ सब खुले पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था । पीड़ित ने बताया की चोर साने चांदी जेवरात सहित करीब आठ लाख की चोरी कर ले गए । उसी दिन पीड़ित अध्यापक ने कपूरपुर थाने में चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी । आरोप है की पुलिस ने जांच तो छोड़ो अभी तक चोरी की एफआईआर तक दर्ज नही की है । जिससे कपूरपुर पुलिस की लचर कार्रवाई पर सवाल उठ रहे है। वही कपूरपुर पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कर रही थी ।

- **पीड़ित अध्यापक का आरोप पुलिस ने नही की अभी तक एफआईआर दर्ज**
- **जांच का दावा कर रही थी कपूरपुर पुलिस**



## सम्पादकीय

# कारोबारी सुगमता का ध्यान



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जीएसटी परिषद की बैठक में शनिवार को कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद जीएसटी परिषद की इस पहली बैठक में रेलवे प्लेटफार्म टिकट, विश्राम कक्ष और प्रतीक्षालय सुविधाओं को जीएसटी मुक्त करने के महत्त्वपूर्ण फैसले के साथ ही सभी तरह के दूध के डिब्बों पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर रखने का प्रस्ताव किया गया। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अनुपालन बोझ कम करने और करदाताओं को राहत देने की गरज से भी कई सिफारिश की गई। कोशिश है कि कारोबारी सुगमता के लिए व्यवसायों के लिए प्रक्रियात्मक जटिलताएं कम की जाएं। परिषद ने जीएसटी पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण के चरणबद्ध रोलआउट की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी रिमांड नोटिस पर ब्याज जुमार्ना माफी की भी सिफारिश है।

यह धारा उन मामलों से संबंधित है जिनमें धोखाधड़ी, दमन या गलतबयानी शामिल नहीं हैं। जो करदाता 31 मार्च, 2025 तक नोटिस में मांगी गई पूरी कर राशि का भुगतान करते हैं, उन्हें इस छूट से लाभ होगा।

किसी चालान या डेबिट नोट पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने संबंधी मंजूरी भी दी जा रही है। छोटे करदाताओं को भी इस रूप में राहत मिलने वाली है कि वित्त वर्ष 2024-25 और उसके बाद के वर्षो के लिए रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 20 अप्रैल से बढ़ा कर 30 जून की जाएगी।

परिषद ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर लागू होगी। दूध के सभी डिब्बों पर उनकी सामग्री (स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम) की परवाह किए बिना एक समान दर 12 फीसद की सिफारिश की गई है। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों की अरसे से मांग को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के कार्टन बक्सों और नालीदार व गैर-नालीदार कागज या पेपरबोर्ड, दोनों से बने उत्पादों के लिए 12 फीसद जीएसटी का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के तहत लाने की सरकार की मंशा भी दोहराई। दरअसल, सिफारिशों में कारोबारी सुगमता को ध्यान में रखा गया है।

## आज का विचार


चुनौतियों को पार करना है तो खुद को उनसे बड़ा बनाइए

# पहले रूस नहीं, मणिपुर जाना चाहिए प्रधानमंत्री को !

हाल ही में अखबारों में छपे समाचारों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस का दौरा कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक उनकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक होनी है। रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद ऐसा पहली बार होगा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस जाएंगे। लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक कार्यकाल हासिल करने के बाद यह उनकी पहली रूस यात्रा भी होगी। लोगों का मानना है कि दूसरे देशों व भारत के दूसरे देशों की यात्रा के पहले प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर जाना चाहिए और वहां शांति स्थापित करने का प्रयत्न करना चाहिए । मणिपुर की जनता व विपक्ष का भी बार झ बार आरोप रहा है कि प्रधान मंत्री मणिपुर की ओर ध्यान नहीं दे रहे है । संघ प्रमुख मोहन भागवत जी ने भी इस ओर ध्यान आकर्षित किया था । क्योंकि मणिपुर का मामला गंभीर होता जा रहा है ।

हाल ही में हिंसाग्रस्त मणिपुर में कुकी-जो समुदाय ने अपने लिए अलग प्रशासन की मांग की है। इस संबंध में समुदाय के हजारों लोगों ने चुराचांदपुर, कांगपोकपी और टेंग्नौपाल जिलों में रैलियां आयोजित कीं। उनका कहना है कि हिंसा प्रभावित राज्य में शांति स्थापित करने के लिए उनकी मांग पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने पड़ोसी देश म्यांमार के साथ मुक्त आवाजाही व्यवस्था को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले का भी विरोध किया। केंद्र सरकार ने इस साल फरवरी में भारत-म्यांमार सीमा के 1600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में बाड़ लगाने का फैसला किया था और ओपन मूवमेंट सिस्टम को समाप्त कर दिया था। भारत के पूर्वोत्तरी हिस्से के चार राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय और नागालैंड की सीमा म्यांमार के साथ लगती है। अब तक इधर के लोग म्यांमार की सीमा में और वहां के लोग भारतीय सीमा में बिना किसी रोकटोक के आते जाते थे।

कूकी-जो समुदाय के लोगों ने रैली के बाद, मणिपुर हिंसा के राजनीतिक समाधान की मांग करते हुए एक ज्ञापन चुराचांदपुर के उपायुक्त धारुन कुमार के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (क्ळछत्र) ने इन रैलियों का आयोजन किया था। कुकी-जो समुदाय के लोगों ने चुराचांदपुर जिले में पब्लिक ग्राउंड से पीस ग्राउंड तक लगभग 3 किमी तक मार्च निकाला और 'राजनीतिक समाधान नहीं, तो शांति नहीं' जैसे नारे लगाए। सैकोट से भाजपा विधायक पाओलीनलाल हाओकिप ने भी इस बात पर जोर दिया कि मणिपुर में स्थायी शांति के लिए, केंद्र सरकार को मैतेई और कुकी-जो समुदायों के मुद्दों को सुलझाने में सीधे शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने विभिन्न केंद्रीय चैनलों के माध्यम से लगातार शांति की मांग



अशोक भाटिया

की है, फिर भी इस बारे में कोई स्पष्ट संदेश नहीं मिला है'। इसके साथ ही कांगपोकपी जिले में, आदिवासी एकता समिति ने थॉमस ग्राउंड में एक रैली आयोजित की।इस रैली में जिले भर के कुकी-जो लोगों ने 'राजनीतिक समाधान' की वकालत करते हुए पोस्टर और बैनर प्रदर्शित किए। रैली के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दोनों जिलों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। केंद्रीय और राज्य बलों को तैनात किया गया था। इसके अतिरिक्त, कुकी इंपी टेंग्नौपाल द्वारा टेंग्नौपाल जिले में भी इसी तरह की रैली आयोजित की गई।

वहीं, मेईतेई बहुल इंफाल घाटी में सोमवार को ख्वाइरबंद इमा मार्केट की महिला विक्रेताओं के साथ ह्यशांति के लिए ख्वाइरबंद इमा कीथेल समन्वय समितिह्न के बैनर तले एक रैली भी देखी गई, जिसमें हिंसा को समाप्त करने के लिए तत्काल संसदीय हस्तक्षेप की मांग की गई।विरोध ख्वाइरबंद बाजार के केंद्र में शुरू हुआ, जहां सुबह-सुबह बड़ी संख्या में महिला विक्रेता एकत्र हुईं। उनकी शुरूआती योजना मणिपुर राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले की ओर मार्च करके अपनी मांगों के लिए दबाव बनाने की थी। हालांकि, सुरक्षा बलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जिन्होंने कंगला किले के पश्चिमी द्वार के पास विरोध प्रदर्शन को रोक दिया और प्रदर्शनकारियों को वापस ख्वाइरामबंद बाजार की ओर मोड़ दिया।इससे बाद महिला विक्रेता बाजार में फिर से एकत्र हुईं और अपने-अपने बाजार शेड के सामने धरना दिया। महिला विक्रेताओं ने मणिपुर की एकता और अखंडता के संरक्षण का आह्वान करते हुए कुकी-जो समुदाय द्वारा अलग प्रशासन की मांग का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने मेईतेई गांव के वालंटियर्स को पकड़ने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाने की कथित योजनाओं पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। शांति समिति की सह-संयोजक हुइरेम बिनोदिनी ने विरोध के दौरान मीडिया को संबोधित किया और राज्य की मौजूदा उथल-पुथल पर मणिपुर के निर्वाचित विधायकों की चुप्पी पर दुख जताया।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रतिनिधि उन लोगों के लिए आवाज उठाने में विफल रहे हैं जिनके लिए उन्हें काम करना चाहिए। उनकी चुप्पी मणिपुर के नागरिकों के लिए एक गंभीर अन्याय है जो डर और अनिश्चितता में जी रहे हैं। बिनोदिनी ने 14 महीने से चल रहे संकट को सुलझाने के लिए संसदीय कार्रवाई की अहम जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने यहां तक चेतावनी दी कि अगर सरकार मणिपुर संकट का जल्द से जल्द समाधान नहीं निकालती है तो मणिपुर के लोग और खुद राज्य भारत से अलग हो जाएगा।

हमने आपको हिंसा की हालिया घटनाओं के बारे में बताया। अब थोड़ा सा पीछे चलते हैं और समझते हैं कि इस हिंसा के पीछे की वजह क्या है, और इसकी शुरूआत कैसे हुई? सबसे पहले टकराव की वजह को समझ लेते हैं। और इसके लिए मणिपुर के भौगोलिक और समाजिक स्वरूप को समझना जरूरी है। भूगोल की किताबों में मणिपुर को दो हिस्सों में बांटा गया है। सेंट्रल वैली यानी घाटी और पहाड़ी इलाके। मणिपुर के 60 विधानसभा सीटों में से 40 घाटी में है। जो राजधानी इम्फाल सहित 6 जिलों में फैली है। जबकि बाकी की 20 सीटें 10 पहाड़ी जिलों में फैली है। घाटी राज्य के कुल क्षेत्र की महज 11 फीसद है। लेकिन 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां राज्य की करीब 57 फीसद आबादी बसी हुई है। जिसमें मुख्यतः हिंदू बहुल मैतेई समुदाय का दबदबा है। पहाड़ी इलाकों में राज्य की 88 फीसद से ज्यादा जमीन और यहां करीब 43 फीसद आबादी की बसावट है। जिसमें 33 से अधिक जनजातीय समूह शामिल हैं। हालांकि इसमें मुख्य दो हैं नागा और कुकी। दोनों में इसाइयों की बहुलता है। मैतेई, नागा और कुकी। तीनों समुदायों के बीच जातीय प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है। मैतेई समुदाय, मणिपुर का सबसे बड़ा समुदाय है। राज्य के शासन-प्रशासन में प्रभावी भी। विधानसभा की 60 में से 40 सीटों पर इनका दबदबा है। राज्य के सिस्टम को भी मैतेई समुदाय काफी प्रभावी तरीके से कंट्रोल करता है। लेकिन मैतेई के पास जनजातिय दर्जा नहीं है। और इसका नुकसान इस तरह से उठाना पड़ा है कि मैतेई समुदाय के लोग सेंट्रल वैली में ही सिमट कर रह गए हैं। क्योंकि पहाड़ी इलाके रिजर्व हैं। वहां जमीन खरीदने का अधिकार केवल जनजातीय समूहों को ही है। यानी मैतेई केवल राज्य के 11 फीसद इलाके में ही सिमटे हैं।

## भ्रूण हत्या

देती है जो प्राण जीवन,
उस ममतामयी ने क्यों कष्ट सहा,
वह भी तो एक बेटी है,
क्यों बेटी की करते हो भ्रूण हत्या ।

क्यों आज भी वंश बचाने के खातिर,
चल रही है समाज में यह कुप्रथा,
मिलकर एक ऐसी दुखियारी से,
मेरे जहन में फिर से यह प्रश्न उठा ।

नारी है नारायणी तू दुर्गा काली,
अपना मान यूं ना घटा,
अन्याय के खिलाफ पूरे जोर-जोर से,
बुलंद अपनी आवाज ऊंची उठा ।

खुद पर विश्वास रख साहसी है तू,
अपनी बात रख हौसला जगा,
खुद रोशनी बनकर अपने,
अंधियारे जीवन में अंधकार मिटा ।

संताप उम्र भर शूल बन चुभेगें,
कुछ न कर पाएगी यदि समय बीत गया,
अन्याय को सहना कायर बन जाना,
यह सबसे बड़ी है जीवन की सजा ।



मोनिका डागा "आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# योगी की कार्यकर्ताओं से अपील 2027 की तैयारी में अभी से जुट जाये



संजय सक्सेना

लोकसभा चुनाव में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से परेशान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में जोश भरने का काम कर रहे हैं।इसी क्रम में उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में कैंपियरगंज और पिपराइच विधानसभा के क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्हें बीते चुनाव की समीक्षा करने और अगले की तैयारी में जुटने को कहा है। योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा की चुनाव में विरोधियों के दुष्प्रचार और भ्रम जाल में फंसकर कई लोग भाजपा से दूर हुए। अब सभी पदाधिकारियों ऐसे लोगों के बीच जाएं और संविधान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता बताए। कांग्रेस के पूर्व निर्णयों से भी लोगों को अवगत कराएं । मुख्यमंत्री ने बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि रूठे लोगों के मनाएं और उन्हें दोबारा भाजपा के साथ मजबूतों से जोड़ें। गोरखपुर लोकसभा सीट पर एक लाख वोटों के अंतर से मिली जीत पर बधाई देकर उन्होंने कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया।योगी ने संवाद के क्रम में सुझाव देते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा संविधान को लेकर लोगों को भ्रमित और कई तरह के प्रलोभन से जनता को गुमराह किया गया। यही कारण रहा कि 2022 की तुलना में हर विधानसभा क्षेत्र में वोट का अंतर कहा कम हुआ। सीएम योगी ने कहा कि ऐसे में बूथवार समीक्षा जरूरी है जो पुराने सहयोगी हमसे कटे है, उनसे संपर्क करें। नए लोगों को भी जोड़ें। नए और पुराने के बीच समन्वय बनाकर आगामी चुनाव की तैयारी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथ पर मिले वोटों की समीक्षा करें। 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले वोटों के आधार पर नए सिरे से रणनीति बनाकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं स्वयं समीक्षा करें कि वोटों का अंतर क्यों कम हुआ है। जो कारण मिले उसे दूर करने की दिशा में काम करें।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथ पर मिले वोटों की समीक्षा करें। 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले वोटों के आधार पर नए सिरे से रणनीति बनाकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं स्वयं समीक्षा करें कि वोटों का अंतर क्यों कम हुआ ह**

# देश चिंतन: भारत की जनसंख्या और विश्व-बाजार का संतुलन'

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की

**अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है**



संजीव ठाकुर

जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की।

अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** — व्यवसायिक बुद्धि अच्छी रहेगी, लाभ होंगे, प्रिंटिंग, टेलीकॉम, रेडीमेड गारमेंट संबंधी कार्य फलेगा, स्टेनो क्लर्क, बाबू अच्छी कमाई करेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

**वृषभ** — घर व ऑफिस में कर्मचारी पर भड़क सकते है, छोटे बच्चे खेलते समय ध्यान रखें, तला भुना भोजन करेंगे, व्यवसाय में पार्टनर से दबना पड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-66

**मिथुन** — सोच विचार बढ़ेगा, निजी सुख प्रभावित हो सकता है, घर वाले तनाव में रहेंगे, कार्यक्षेत्र को फिर भी सम्भाल लेंगे। भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — धार्मिक कार्य को मन से करेंगे, पिता से अपनी बात कह सकेंगे, व्यापार में ग्राहक से कड़े शब्दों में बात ना करें, तरल पदार्थ व्यवसाय में लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-67

**सिंह** — फंड,स्वास्थ्य बीमा, एफडी का लाभ सम्भव है, परिवार में सम्पत्ति बँटवारा को लेकर मनमुटाव उत्पन्न हो सकता है, वाहन, माल ढुलाई, कारीगर को लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**कन्या** — अभिलाषाओं की पूर्ति होगी, नौकरी के इंटरव्यू में अच्छे से उत्तर देंगे, किसी केस के लंबे चलने से तनाव होगा, जिम आदि में वजन सोच समझकर उठाए। भाग्य प्रतिशत-62

**तुला** — तरल पदार्थ, रेस्टोरेंट, रेडी फास्ट फूड कॉर्नर चलेगा, एसिडिटी से परेशानी सम्भव है, किसी कोर्स को दोबारा करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-64


**वृश्चिक** — खतरों के कार्य से दूर रहें, घर में इलेक्ट्रोनिक उपकरण खराब हो सकते है, शिक्षा की परिस्थिति अच्छी होगी, टैक्स, बीमा, बेंक वकालत जीएसटी क्षेत्र क्लर्क अच्छी कमाई करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**धनु** — मित्रो के साथ सक्रियता बढ़ेगी, शिक्षा क्षेत्र से लाभ होगा, मध्यस्थता कराने से आर्थिक लाभ होगा, पिता की तरक्की सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-72

**मकर** — अच्छे संबंधो का लाभ मिलेगा, कुछ लोग आपकी प्रगति से जल सकते है, खुद को साबित करेंगे, व्यापारी परिवार से रिश्ता सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-76

**कुंभ** — केस चलने से परिवार चिंतित रहेगा, सेटलमेंट कर ले, परिवार को एकजुट करें, स्टील, लोहा, कंस्ट्रक्शन, फर्नीचर, कोयला कार्य उन्नति देगा, गलत चीजों का सेवन ना करें। भाग्य प्रतिशत-59

**मीन** — अलग जाति में विवाह के लिए अड़े रहेंगे, मनोरंजन, कपड़ा, फैशन सम्बन्धित व्यवसाय से लाभ होगा, अस्पताल में नौकरी, दवाई कम्पनी से जुड़ सकते है। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कताई मिल में स्थापित होगा औद्योगिक क्षेत्र,उद्यमियों में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । लघु उद्योग भारती मेरठ महानगर की कार्यकारिणी समिति की बैठक उद्योगपुरम स्थित यूजीएस पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड पर संपन्न हुई।

बैठक में विगत मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट की मीटिंग में मेरठ स्थित कताई मील को औद्योगिक क्षेत्र के रूप मे विकसित करने के निर्णय की सराहना की गई। इसके लिए उद्यमियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। बैठक में संभाग अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष पंकज जैन, महामंत्री अर्पित जैन, कोषाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, मीडिया प्रभारी रूपक जैन, मंडल महासचिव पंकज गोयल सहित कई वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कहा कि कताई मिल को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की यह मांग लघु उद्योग भारती मेरठ महानगर द्वारा सर्व प्रथम जनवरी 2018 में मुख्यमंत्री के समक्ष उठाई गई थी।

विभिन्न स्तरों पर लगातार बाधाएं आती गई, लेकिन लघु उद्योग भारती उद्योग हित एवं मेरठ के हित में अपनी बात पर अडिग रहा। विभिन्न स्तरों पर निरंतर प्रयास करता रहा। लघु उद्योग भारती के प्रयासों का सुपरिणाम हुआ कि अब सरकार द्वारा उक्त मांग मान ली गई हैं और इसमें अग्रिम कार्रवाई के निर्देश जारी हो गए। लघु उद्योग भारती मेरठ द्वारा बयान जारी करके इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मेरठ के उद्योग जगत और मेरठ की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

# प्यार, निकाह और फिर तीन तलाक तक पहुंची बात, विवाद बढ़ा तो बीवी के कर दिए चार टुकड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर** । मुजफ्फरनगर जनपद में श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके चार टुकड़े किए और फिर उन्हें बारी बारी से ठिकाने लगा रहा था। टुकड़ों में लाश को ठिकाने लगाने के ही दौरान आरोपी पति पकड़ा गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

सात माह पहले प्रेम विवाह में खर्चे का विवाद इतना बढ़ गया कि डेयरी संचालक अरबाज ने अपने साथी के साथ मिलकर बीवी चाहत के चाकू से चार टुकड़े कर दिए।

सात दिन पहले हत्या के बाद किराए के कमरे में गर्दन और दोनों हाथों के पंजे काटकर फेंक दिए। मृतका का धड़ काली नदी में ठिकाने लगाने के दौरान आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि 26 जून की रात न्याजूपुरा के पास काली नदी में दो युवक एक बोरे को पानी में बहाने की कोशिश कर रहे थे। दोनों एक बोरे को नदी में फैली जलकुंभी से निकालकर नदी के अंदर बहाने का प्रयास कर रहे थे।



इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से अरबाज को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी शाहरुख फरार हो गया। पुलिस ने बोरे को खोल कर देखा तो उसमें गर्दन और दोनों हाथ के पंजे कटा एक महिला का शव मिला। पकड़े गए अरबाज ने पुलिस को बताया कि शव उसकी पत्नी चाहत का है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक सप्ताह पहले अपने साथी के साथ मिलकर बीवी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। शव को बोरे में भरकर जलकुंभी में फेंका, लेकिन शव पानी नहीं डूब सका। जिसके चलते वह शव को पानी में बहाने आए थे।

आरोपी का कहना है कि सात माह पहले ही दोनों ने परिजनों को बिना बताए प्रेम विवाह किया था। अलग-अलग जगह किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। बीवी खर्चे के लिए परेशान कर रही थी। मृतका बिजनौर के कोटद्वार की रहने वाली बताई गई है। एसपी सिटी ने बताया कि शाहरुख के पकडे.जाने पर मृतका की गर्दन और हाथ के पंजों की बरामदगी हो पाएगी।

# मां की मौत के बाद बहू का मकान हड़पने चाह रहे ससुराल वाले,आप कार्यकर्ताओ का हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता के साथ कप्तान ऑफिस पर धरना देते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मां की मौत के बाद ससुराल वाले उसका मकान हड़पना चाह रहे हैं। जिसके चलते उसे ससुराल वालों ने बेघर कर दिया है। अधिकारियों ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।



शौकत कॉलोनी निवासी रुखसार के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। जहां महिला और आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जमीन पर धरना देते हुए लिसाड़ी गेट पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महिला ने बताया कि उसकी मां की 16 जून को मौत हो गई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी मां की मौत के बाद ससुराल वाले उसकी मां का मकान अपने नाम करने का दबाव बना रहे हैं। दहेज में सौ गज का प्लॉट और बाइक न मिलने के लिए प्रताड़ित करते हुए ससुराल वालों ने महिला को जमकर पीटा। वहीं, शौहर ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

थाना पुलिस इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। मामला संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने जांच और कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# डॉक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की मौत,परिजनों का हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । देर रात सरधना थाना क्षेत्र में अस्पताल में भर्ती एक प्रसूता की प्रसव के दौरान मौत हो गई। घटना से गुस्साए मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुल्हैड़ा गांव के रहने वाले अरुण कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करता है। अरुण का कहना है कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी सुमन को प्रसाद पीड़ा होने के कारण ब्रहस्पतिवार को सरधना के ईश्वर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था।



अरुण का आरोप है कि रात को अचानक डॉक्टर ने बताया कि गर्भ में पल रहा बच्चा उल्टा है, जिसके चलते सुमन का ऑपरेशन करना पड़ेगा। वहीं, सुमन के शरीर में खून की कमी बताते हुए डॉक्टरों ने अरुण को मेरठ में ब्लड लेने भेज दिया।

आरोप है कि इसी दौरान अरुण से बिना पूछे डॉक्टर ने सुमन का ऑपरेशन कर दिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई और एक पुत्र को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई। नर्सिंग होम पहुंचने पर पत्नी की मौत की जानकारी मिलने पर अरुण और उसके परिवार ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। मगर बात न बनने पर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने नर्सिंग होम संचालकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# माता की चौकी और जलभराव के बीच नौचंदी मेले का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** ऐतिहासिक प्रांतीयकृत नौचंदी मेले का गुरुवार रात करीब 8 बजे पटेल मंडप में माता की चौकी के साथ और बारिश से हुए जलभराव के बीच आगाज हो गया। सबसे पहले मंदिर के पुजारी द्वारा नवग्रह पूजन कराया गया। इसके बाद माता की ज्योति प्रज्वलित की गई।

इसके बाद आनंद जागरण मंडल के महंत संजय आनंद ने मां भगवती का आह्वान करते हुए मां की भेंट सुनाकर पटेल मंडप में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता की चौकी में पहुंचे सभी अतिथियों का महंत संजय आनंद ने स्वागत किया। आनंद जागरण मंडल के भजन गायक राजीव अरोड़ा और भजन गायिका प्रिया सोम ने भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर जिला पंचायत की एएमए भारती धामा, दुर्गा मंदिर प्रबंध कमेटी के सचिव जयप्रकाश शर्मा, सरदार सरबजीत सिंह कपूर, ठाकुर प्रतीश सिंह, नरेंद्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल आदि मौजूद रहे।

**बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ मेला**

गुरुवार सुबह हुई भारी बारिश के बाद मेला अस्त-व्यस्त हो गया। इंटरलॉकिंग टाइल लगी होने के बावजूद मेला परिसर में पानी जमा हो गया और कई दुकानों में पानी भर गया। इससे दुकानदारों का सामान खराब हो गया। झूले परिसरों में भी पानी भरने से दिक्कत हुई। बारिश बंद होने के बाद दुकानदारों और झूला संचालकों ने पानी निकालने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। साफ-सफाई के लिए नगर निगम के इंतजाम नहीं होने पर दुकानदारों ने रोष व्यक्त किया।

**डीएम दीपक मीणा ने बताया कि मेला कांवड़ यात्रा से पहले खत्म करा दिया जाएगा**

**सुरक्षा के किए जा रहे कड़े इंतजाम**

मेले में इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। मेले के पहले दिन गुरुवार को एसपी सिटी ने देर शाम तक कमान संभाले रखी। उन्होंने मेले की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के निर्देश दिए। मेले की सुरक्षा के लिए 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की बात कही जा रही है।

**मेले की बीच लगेगा नेशनल फ्लैग**

डीएम दीपक मीणा ने बताया कि मेले के बीच में एक बड़े पोल पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी मेडा को सौंपी गई है। मेडा ने इसे जल्द लगाने का आश्वासन दिया है।

**कांवड़ यात्रा से पहले खत्म होगा नौचंदी मेला**

डीएम दीपक मीणा ने बताया कि मेला कांवड़ यात्रा से पहले खत्म करा दिया जाएगा। पुलिस बल कांवड़ यात्रा में व्यस्त हो जाएगा। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू होनी है। हालांकि मेले के ठेके एक महीने के लिए छोड़े गए हैं, लेकिन ठेकेदारों को कांवड़ यात्रा की जानकारी दी जा चुकी है।

# पश्चिमांचल में 50 से ज्यादा अभियंताओं के तबादले,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने ट्रांसफर पॉलिसी के तहत गुरुवार को प्रदेशभर में करीब 350 अभियंताओं का तबादला कर दिया। इसमें पीवीवीएनएल के भी 50 से ज्यादा अभियंताओं को बदला गया है। सबसे ज्यादा तबादले अधिशासी अभियंताओं के हुए हैं। पीवीवीएनएल के 40 अधिशासी अभियंताओं को हटाकर मध्यांचल, पूर्वांचल, केस्को और दक्षिणांचल डिस्कॉम में भेजा गया है। मेरठ जोन दो के मुख्य अभियंता राघवेंद्र सिंह का भी तबादला हो गया है। इतनी बड़ी संख्या में हुए तबादलों से डिस्कॉम में हड़कंप मचा है। अभी केवल एई से लेकर मुख्य अभियंताओं के तबादले किए गए हैं। इसके बाद अवर अभियंताओं की बारी है। प्रदेश में तबादला नीति 2024-25 के तहत 30 जून तक अधिकारियों के तबादले होने हैं। गुरुवार को पावर कॉरपोरेशन में तबादला एक्सप्रेस चली। यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष गोयल ने करीब 350 अभियंताओं के तबादले कर दिए। इसमें सबसे ज्यादा 154 सहायक अभियंता और 122 अधिशासी अभियंता और 63 अधीक्षण अभियंताओं के तबादले किए गए हैं। इनमें 50 से ज्यादा तबादले पीवीवीएनएल में तैनात अभियंताओं के किए गए हैं। इसमें 40 अधिशासी अभियंता शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीए छात्रों का राज्यस्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ सीआइआरसी की मंगल पांडेनगर स्थित मेरठ ब्रांच की सिकासा टीम द्वारा बोर्ड ऑफ स्टडीज, आइसीएआई के तत्वावधान में सीए छात्रों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 2024 शुक्रवार से शुरू हो गया। इसमें प्रदेश भर के छात्रों के साथ ही विशेषज्ञ वक्ता जुटे। व्योम-स्वतंत्रता, अनंत और ब्राह्मांड शीर्षक के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार सुबह सीसीएसयू स्थित अटल सभागार में शुरू हुआ। मेरठ शाखा आईसीएआई चेयरपर्सन सीए निमिषा रोहित अग्रवाल ने बताया कि इसमें मुंबई, पुणे, इंदौर, जयपुर, नोएडा से विशेषज्ञ सीए भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को कार्यक्रम में सीए फैकल्टी, मोटीवेशनल प्रशिक्षक, मनोजरंजन हेतु रॉक बैंड और सीए छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वाइस चेयरपर्सन नंदिनी आहूजा, सेक्रेटरी मुस्कान धींगरा, ट्रेजरार गोविंद गर्ग, अभुदय गुप्ता, पार्थ बत्रा, यश मलिक, तरूण सिंघल रहे।

### सरकारी कार्यालयों में हो रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी सरकारी कार्यालयों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों/निर्माण कार्यो एवं अन्य एजेंडा बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप योजनाओ को समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाना और निमार्णाधीन परियोजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें। डीएम ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए समस्त सरकारी कार्यालयों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य घर योजना, अटल भू-जल योजना, नई सडकों का निर्माण, चौडीकरण, सौंदर्यीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, निराश्रित गोवंश टीकाकरण, गोवंश सहभागिता, आयुष्मान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, पीएम आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण पेयजल, रिक्त दुकानो का व्यवस्थापन, स्वः रोजगार योजनाएं आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में नई गोशालाएं बनाने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ नूपुर गोयल, एडीएम प्रशासन बलराम सिंह, डीडीओ अम्बरीश कुमार, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर आदि रहे।

### नगर निगम के बनाए डस्टबिन बन गए शोपीस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । शहर में बनाए गए डस्टबिन प्वाइंट शोपीस बने हुए हैं। यह स्थान देखने में मॉडल से कम नहीं लगता। जिसके चलते यह जनता के लिए शोपीस बने हुए हैं। डस्टबिन में कूड़ा डालने के बजाय लोग सड़कों पर खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं। कूड़ेदान में कूड़ा न फेंकने की आदत निगम के लिए परेशानी बनती जा रही है। शहर में जगह-जगह कूड़ेदान बन चुके हैं। नगर निगम ने कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर शहर में डस्टबिन रखवाए और उसके रखरखाव के लिए कर्मचारी भी तैनात किया। डस्टबिन में सूखा और गीला कूडा डालने के लिए दो अलग अलग डस्टबिन रखे गए। शहर में प्रमुख स्थानों पर इसका निर्माण कराया गया। शर्मा नगर, पुलिस लाइन, विवि रोड, सर्किट हाउस के साथ अन्य स्थानों पर इन्हें बनाया गया। लेकिन यह डस्टबिन शोपीस बनकर रह गए हैं। लोग इसमें कूड़ा डालने के बजाय सड़कों पर कूड़ा फेंक रहे हैं। प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा हरपाल सिंह ने बताया कि शहर की जनता को जागरूक करने की जरूरत है। जो डस्टबिन बनाए हैं कूड़ा उसमें ही डालें।

### झमाझम बारिश से भीगा मेरठ, 29-30 को अलर्ट

**मेरठ** । भीषण गर्मी, उमस से जूझ रहे मेरठ में गुरुवार सुबह बारिश ने दस्तक दी। तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश दर्ज की गई। वेस्ट यूपी के कुछ हिस्सों में मानसून ने दस्तक दे दी है। अधिकांश हिस्सों को अभी मानसून का इंतजार है। गुरुवार शाम 5.30 बजे तक मेरठ में 22.1 मिमी बारिश दर्ज हुई है। मेरठ में तापमान और हवा ने अर्से बाद सुकून दिया है। मेरठ में 85 दिन बाद सबसे कम तापमान दर्ज हुआ जबकि 355 दिन बाद मेरठ में सबसे अच्छी हवा रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक,प्रत्येक ब्लॉक में बनाई जाये नई गौशालाएं: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों/निर्माण कार्यो एवं अन्य एजेंडा बिन्दुओ पर समीक्षा बैठक आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश देते हुये समस्त विभागो को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य के अनुरूप योजनाओ को समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढग से पूर्ण कराया जाना तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम सूर्य घर योजना, अटल भू-जल योजना, नई सडको का निर्माण, चौडीकरण, सौन्दर्यीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, निराश्रित गौवंश टीकाकरण, गौवंश सहभागिता, आयुष्मान हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर, पीएम आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण पेयजल, रिक्त दुकानो का व्यवस्थापन, स्वः रोजगार योजनाएं आदि योजनाओ की समीक्षा की। उन्होने प्रत्येक ब्लॉक में नई गौशालाएं बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए समस्त सरकारी कार्यालयो में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मत्स्य विभाग के अधिकारी को तहसीलवार तालाब तथा तालाबो की नीलामी/पट्टे की स्थिति के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

उन्होने कौशल विकास, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी आदि की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# शास्त्रीनगर में भाजपा नेता के रिश्तेदार के घर दिनदहाड़े लूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** नौचंदी थानाक्षेत्र में बदमाशों ने भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा के बुजुर्ग रिश्तेदार के घर दिनदहाड़े लूट की वारदात अंजाम दी। बदमाशों ने दंपति और नौकरानी को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर दो लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। बदमाशों ने तीनों लोगों को कमरे में बंद कर दिया, जहां वह करीब ढाई घंटे बंधक रहे। एसएसपी और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

शास्त्रीनगर एफ-ब्लॉक में 84 वर्षीय चंद्र मोहन गोयल और उनकी पत्नी 80 वर्षीय सुषमा गोयल रहते हैं। चंद्रमोहन भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा के सगे ताऊ हैं। चंद्र मोहन गोयल के दो बेटे शलभ गोयल व सचिन गोयल है जो अमेरिका में हैं।

बेटी शैफाली मेरठ के सिविल लाइन इलाके में परिवार के साथ रहती हैं। बच्चों ने बुजुर्ग दंपति की देखरेख के लिए तीन नौकरानी रखी हुई हैं। गुरुवार शाम करीब चार बजे चंद्रमोहन, सुषमा और नौकरानी राजवती घर पर थे। इसी दौरान दो बदमाशों ने बच्चियों के लिए चंदा लेने की बात कही और गेट खुलवा लिया। दरवाजा खुलते ही एक बदमाश ने चंद्रमोहन को घर के अंदर धकेलकर फर्श पर गिरा दिया। हेलमेट पहने दूसरे बदमाश ने सीधे रसोई में जाकर नौकरानी राजवती को धक्का देकर गिरा दिया और मुंह दबाकर चाकू के बल पर काबू कर लिया।

बदमाश चंद्रमोहन, सुषमा और राजवती को अंदर के कमरे में ले गए और अलमारी से नकदी निकाल ली। बदमाश जाते वक्त तीनों को बराबर के कमरे में बंधक बना गए। करीब ढाई घंटे तीनों घर में बंद रहे। मदद की पुकार सुनकर पड़ोस की महिला ने लोगों को एकत्र कर लिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और फिर एसएसपी डा. विपिन ताडा भी मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने हैदराबाद से एडीजी, आईजी और एसएसपी से फोन पर बात कर घटना के खुलासे की मांग की।

**कहना इनका...**

घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। दो बदमाश दिखाई दे रहे हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीमों को लगाया है। जल्द वारदात का खुलासा किया जाएगा

**- आयुष विक्रम सिंह, एसपी सिटी, मेरठ।**

**गुस्सा** | खुला घूम रहा शादाब, पीड़ित परिवार को हत्या की धमकी दे रहा है

# हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पीड़ितों ने घेरा कप्तान ऑफिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । पांच दिन पहले लोहिया नगर थाना क्षेत्र में सैलून के अंदर हुई युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर गुस्साए पीड़ित परिजनों ने शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस पर पहुंचकर हंगामा कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पीड़ितों ने अपनी जान का खतरा बताया है।

नूर गार्डन निवासी असलम अपने परिवार के साथ शुक्रवार को कप्तान ऑफिस पहुंचा। असलम ने बताया कि बीती 23 जून को उसका बेटा समीर सैलून पर बाल कटवाने गया था। इसी दौरान समीर के ही दोस्त अमीरुद्दीन ने शादाब नाम के युवक के साथ मिलकर गोली मारकर समीर की हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अमीरुद्दीन की टांग में गोली मारकर उसे दबोच लिया था। आरोप है कि घटना को पांच दिन बीत चुके हैं, मगर पुलिस ने शादाब को अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। यहां तक कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पीड़ितों को नहीं दिखाई जा रही है। वहीं, खुला घूम रहा शादाब पीड़ित परिवार को हत्या की धमकी दे रहा है। दहशत में आए पीड़ितों ने आरोपी शादाब की गिरफ्तारी की मांग की। जिस पर कप्तान ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



# युवक के क्रेडिट से उड़ाए 51 हजार की ऑनलाइन ठगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लावड़।** कस्बा निवासी एक युवक से बीती 14 जून को एक अंजान युवक ने फोन कर 51 हजार रुपये की ठगी कर ली। बैंक से रुपये कटने पर पीड़ित को मामले की जानकारी हुई।



पीड़ित ने तहरीर पर तहरीर दी है। कस्बे के मोहल्ला पैठ चौड़ा निवासी शहजाद ने बताया कि बीती 14 जून को उसके फोन पर एक अंजान युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने उसका हेल्थ इंश्योरेंस करने की बात कहीं और एक ओटीपी भेजा। आरोप है कि ओटीपी बताते ही उसके खाते से 51 हजार रुपये कट गए। बैंक से रुपये कटने के बाद उसे ठगी का एहसास हुआ। पुलिस मामले की जानकारी में जुट गई है।

# नागालैंड के धमाका पहलवान ने पंजाब के रंगा पहलवान को किया चित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी (अमरोहा)।** हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में चल रहे दाऊदिया दंगल में देश-विदेश से आए पहलवानों ने अपने जौहर दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### दाऊदिया दंगल में पहुंच रही हजारों की भीड़

दर्शकों ने भी विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर उनके हौसला बढ़ाया।

जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह आले के उर्स में विशाल दोंदिया दंगल के दौरान विशेष रूप से महिला पहलवान लाडो सिंह पहलवान दिल्ली ने उपासना पहलवान हरियाणा को, धमाका पहलवान नागालैंड ने रंगा पहलवान पंजाबको, मौसम पहलवान पंजाब ने नकाबपोश पहलवान को, फहीम पहलवान



जीहाल ने मोहित हिमाचल को, वकार पहलवान सहारनपुर ने मुन्ना टाइगर पहलवान राजस्थान को, ताबिश पहलवान अमरोहा ने मोंटी पहलवान को, टाइगर पहलवान आगरा ने दुल्ला पहलवान को पराजित कर अपनी जीत की पताका लहराई और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों ने भी अपने पसंदीदा पहलवानों को पुरस्कार देकर उनके हौसले को बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से इफ्तिखार उल हसन, भूरे मिस्त्री, कलवा खान, शादाब मंसूर, मोहम्मद कासिम, मोबीन अहमद, इलियास अहमद, अलाउद्दीन सैफी, मोहम्मद रिहान, मोहम्मद जुनेद, वहाब आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका गुड्डू पहलवान गोरखपुर एवं कलवा उस्ताद ने तथा कमेंटेटर की भूमिका मुन्ना टाइगर पहलवान ने निभाई।

# ब्लैकमेल कर बलात्कार करने के संबंध में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** थाना क्षेत्र एक महिला ने बेटी के साथ 5-6 साल से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता आ रहा था आरोप है कि 12 जून को आरोपी तमंचा लेकर घर मे गुस आया और महिला की बेटी को तमंचे की नोक पर घर के ले जाने लगा। महिला ने घटना की शिकायत एसएसपी से की थी टठ।

महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी अतीक और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।कुन्दरकी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसएसपी को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा थी उसके गांव के युवक अतीक पिछले पांच सालों से उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता आ रहा था। युवक की शादी होने के बाद भी आरोपी युवक युवती से साथ जबरन दुष्कर्म करता रहा।

आरोप है कि 12 जून को आरोपी अतीक हाथ मे तमंचा लेकर घर मे घुस आया इस दौरान घर मे महिला और उसकी बेटी मौजूद थे।आरोप है कि आरोपीठ युवक ने महिला की बेटी के तमन्चा लगाकर जबरन घर से ले जाने लगा।समझाने पर आरोपी नही माना तभी कुछ देर के बाद महिला का बेटा घर पर आ गया।बहन के साथ खींचतान देखते हुए आरोपी अतीक ओर महिला के बेटे मुंशाद में मारपीट होना शुरू हो गई। मारपीट के दौरान अतीक के सर में कोई चीज लगने से उसके सर से खून बहने लगा।तभी शोर की अबाज पर पड़ोस के लोग जमा हो गए और सूचना पर डायल 112 भी मौके पर पहुँच गई।जिसके बाद कुन्दरकी पुलिस भी मौके पर पहुँची ।आरोप है कि अतीक पक्ष के लोगो ने झूठा मुकदमा लिखवाकर उसके बेटे दामाद आदि को फंसा दिया ।महिला ने घटना की शिकायत एसएसपी से की थी महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी अतीक और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाईवे पर आल्टो कार ने मारी टक्कर मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से हुआ घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ।** मुरादाबाद चन्दौसी अलीगढ़ हाइवे पर नानपुर के पास बाइक ओर कार की टक्कर हो गई।हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

शुक्रवार की दोपहर को पातीराम पुत्र हरदयाल सिंह निवासी करेरा थाना फैजगंज बदायूं बिलारी की और मुरादाबाद जनपद के ग्राम लालपुर बस्तौर मे स्थित हाजी छिद्दा के ईंट के भट्टे पर पैसे लेने के लिए जा रहा था ।

जैसे ही बाइक सवार पातीराम मुरादाबाद चन्दौसी हाइवे स्थित नानपुर गांव के पास पहुँचा तो सामने से आ रही एक आल्टो

### कुन्दरकी के ग्राम नानपुर मे हुई दुर्घटना

कार ने बाइक में टक्कर मार दी।कार की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया।हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई।पुलिस ने घायल पातीराम को उपचार के लिए मुरादाबाद जिला अस्पताल भेज दिया ।

पाती राम की पत्नी सोनम ने बताया कि पाती राम को जिला अस्पताल से निकालकर मु मुरादाबाद के ही एक निजी अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए एडमिट कर दिया है जहां पर पातीराम की हालत नाजुक बनी हुई है। सोनम ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में कर चालक के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दे दिया है ।

# टेंपो और कार की भिड़ंत में युवक की मौत, छः घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** पाठकपुर निवासी देशपाल सिंह का पुत्र शशांक 18 वर्ष व भतीजा देवांश 11 वर्ष दोनों भाई अतीश शर्मा



पुत्र नंदकिशोर शर्मा व पंकज पुत्र त्रिलोकी नाथ के साथ बनारस घूमने गए थे। चारो लोग गुरुवार की रात ट्रेन से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां रोडवेज बस व ट्रेन नहीं होने पर रेलवे स्टेशन के बाहर से बहजोई के पाठकपुर तक टेंपो कर लिया। टेंपो चालक ने रास्ते से अन्य सवारी भी बैठा ली। टेंपो में रात ढाई बजे आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा के पास पहुंचा तो सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें उक्त चारों के अलावा टेंपो चालक संजीव पुत्र सुरेश निवासी पीतल नगर मुरादाबाद, अंकित, विक्की निवासी बदायूं की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। उपचार को ले जाते समय शशांक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं पुलिस ने कार व टेंपो को कब्जे में लिया है।

# जनपद न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** शुक्रवार को न्यायाधीश जनपद सम्भल



कमलेश कुच्छल, जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा जिला कारागार मुरादाबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा कारागार में बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं आदि को चेक कर जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जेल में साफ-सफाई और बंदियों / महिला बंदियों की समस्याएं सुनीं गयी ।

# अज्ञात वाहन से टकराकर एक व्यक्ति की हुई मौत

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सुबह पांच बजे उमरी रोड पर महमूदपुर भगवान दास गांव के पास ईंट के भट्टे पर काम करने वाले महेश राय पुत्र परमेश्वर राय उम्र (50) निवासी ग्राम बरबन मुसेरी, थाना घूरैरया, जिला बांका, बिहार की अज्ञात वाहन से टकराने पर मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया गया कि मृतक महमूदपुर भगवान दास गांव के पास संचालित ईंट भट्टे पर काम करता था और सड़क पार करते वक्त वह किसी वाहन की चपेट में आ गया।

# तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी हुई भांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी की एक बैठक शुक्रवार को बार सभागार में संपन्न हुई। कार्यवाहक बार अध्यक्ष नेमपाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बार का समय पूर्ण होने पर बार भंग कर दी गई। सर्वसम्मति से अशोक कुमार शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त करते हुए उनसे समय से चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

संचालन बार सचिव राजेश कुमार एडवोकेट ने किया। इस दौरान तमाम अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। बता दें कि बार अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गौड़ का कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया।

# विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति प्रदान करने के लिए शुक्रवार को विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों के आंकड़े की भी समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राज्यमंत्री पति रामपाल सिंह ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख डा0 सुगंधा सिंह द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा गया कि विकासखंड क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास के कार्यों पर एवं साथ ही सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं



की क्रियान्वयन पर जोर दिया जाए। साथ ही सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्यों सम्मानित ग्राम प्रधानों के सम्मान में भी कोई कमी नहीं आनी चाहिए। यदि क्षेत्र पंचायत सदस्य या प्रधानगणों द्वारा कोई विषय संज्ञान में लाया जाए तो सम्मानपूर्वक संज्ञान लेकर उस कार्य को किया जाना चाहिए। बैठक में खंड विकास अधिकारी कमलकांत सिंह, सहायक पंचायत नीरज सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, प्रधान नंदकिशोर दिवाकर, राजपाल सिंह राणा, पूजा राणा, जगदीश वाल्मीकि, कुलदीप सिंह, शिवेंद्र कुमार, मिथिलेश आदि मौजूद रहे।

# सुदामा चरित्र का किया मार्मिक वर्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी सेवा सदन, रामबाग धाम, चन्दौसी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को कथावाचक नन्दनंदन ठाकुर ने उद्धव चरित्र और सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रारम्भ करते हुये कथा व्यास ने बीते कल की कथा को आगे बढ़ाते हुये भगवान के जीवन की अनेक घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने उद्धव और गोपियों के बीच हुये संवाद का मार्मिक वर्णन किया। कैसे उद्धव ज्ञान और वैराग्य की बातें गोपियों को समझाते हुये उन्हें कृष्ण को भूल जाने का उपदेश करते हैं और गोपियाँ उद्धव को ही विवेक शून्य कर देती हैं। विरह की अग्नि में गोपियों को जलता हुआ छोड़कर प्रभु मथुरा चले जाते हैं। कथा में भगवान श्री



कृष्ण के अन्य विवाहों का प्रसंग जिसमें सत्यभामा और जामवंती से विवाह के कारण आदि समझाया। तत्पश्चात आचार्य नन्दनंदन ठाकुर ने प्रभु श्रीकृष्ण के बालसखा सुदामा का चरित्र विस्तार से भजनों के माध्यम से वर्णन किया। सुदामा चरित्र सुनकर श्रोताओं के नेत्रों से अश्रुधारा बहने लगी और सम्पूर्ण वातावरण भाव विभोर हो गया। आज की कथा का समापन कथा व्यास ने परीक्षित के मोक्ष की कथा से किया। कथा के दौरान पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, महेन्द्रपाल वार्ष्णेय, उषा रानी, ज्योतिषचंद्र वार्ष्णेय, प्रकाशचंद्र, विनीत अग्रवाल, विष्णु गोपाल गुप्ता, दिनेशचन्द्र, अमर वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, राकेशचन्द्र आर्य, अमित के.एस., राजन वार्ष्णेय, मोहित शक्तिभोग, मुकेशचन्द्र बबराला, सुखदेव वार्ष्णेय, अरुण सोनू, मुकेश कुमार, पीयूष वार्ष्णेय, अग्रज वार्ष्णेय, प्रदीप, विमल किशोर, जयशंकर दुबे, विमल किशोर आदि मौजूद रहे।

# नए डीएम ने चार्ज ग्रहण करने के बाद ही जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण, इमरजेंसी की दीवार पर सीलन देखकर हुए नाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नवागत डीएम अनुज कुमार सिंह चार्ज लेने के चंद घंटे बाद ही जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। गुरुवार को दोपहर 1:55 बजे डीएम पहुंचे तो तमाम कर्मचारी हक्के बक्के रहे गए। जिला अस्पताल को भी 10 मिनट पहले ही डीएम के निरीक्षण की सूचना मिली थीं। डीएम ने ओपीडी की ओर से होते हुए इमरजेंसी, व सर्जरी वार्ड का मुआयना किया। सारी वार्ड में मरीजों के लिए एसी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इमरजेंसी की दीवार पर सीलन देखकर डीएम नाराज हो गए।

उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को मरम्मत कराने के लिए कहा। एसआईसी डॉ. संगीता गुप्ता ने उन्हें बताया कि पुताई कराने के लिए बजट नहीं मिला है। मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन बजट नहीं मिला।

इस पर डीएम ने फौरन एक संस्था के सहयोग से जिला अस्पताल में सीलन व एसी आदि कार्य कराने के निर्देश दिए। संस्था के सदस्यों ने जिला अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया है। डीएम ने सर्जरी वार्ड में भर्ती मरीजों से बात भी की।

उन्होंने मरीजों से पूछा कि समय से दवा व खाना मिलता है या नहीं, डॉक्टर देखने आते हैं या नहीं। मरीजों से संतोषजनक जवाब दिया। निरीक्षण में डीएम के साथ सीडीओ सुमित यादव, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# घरवाली बाहरवाली के चक्कर में हुआ विवाद, मामला पहुंचा थाने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** दिल्ली के रोहिणी नेहा पत्नी अजीत निवासी मंडी समिति के पीछे



कॉलोनी निवासी के साथ दो वर्ष पहले शादी की थी। वह महिला के साथ दिल्ली में ही रहता था। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा है। मगर एक वर्ष के बाद पति अक्सर महिला के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद महिला का पति किसी अन्य महिला को ले गया और उसके साथ रहने लगा। महिला ने युवक के परिजनों से कई बार शिकायत की गई, मगर उन्होंने भी महिला की कोई मदद नहीं की। शुक्रवार की सुबह महिला अपने परिजनों के साथ युवक के घर पहुंची और उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

# सपा नगर पंचायत अध्यक्ष की कार्य प्रणाली को लेकर सभासदों का तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** समाजवादी पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी की तानाशाही,एक वार्ड को छोड़ अन्य वार्ड में विकास कार्य न करने, प्रत्येक माह होने वाली नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का आयोजन नहीं करने,आय-व्यय का विवरण बोर्ड सदस्यों के सामने नहीं रखने, सभासदों की उपेक्षा करने आदि को लेकर 17 में से 16 सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्य प्रणाली को लेकर सभासदों ने काफी समय पूर्व एसडीएम को ज्ञापन दिया था कोई कार्रवाई न होने पर सभासदों ने थाना समाधान दिवस में इस संबंध में ज्ञापन दिया था जिसमें धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी' अनेक महिला सभासद अपने पति के साथ भी धरने



पर बैठी, धरना प्रदर्शन में नगर पंचायत सभासद श्रीमती मंजू, श्रीमती पिंकी, मनोज कुमार,नसीम अहमद, श्रीमती रिहाना, प्रियंका सैनी, मौ० इल्यास, दिलशाद, उस्मान, धर्मवीर सिंह, वसीम अहमद, रईस अहमद, श्रीमती रुकसाना खातून, श्रीमती जमीला खातून, मौजूद थे' सभासद मनोज चौहान ने शुक्रवार की देर शाम बताया कि समस्याओं के समाधान हेतु एसडीएम ने 3 दिन का समय दिया था लेकिन आज शाम तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई' खबर लिखे जाने तक तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी था धरने पर बैठे लोगों ने अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की अध्यक्ष तुम होश में आओ बोर्ड की बैठक जल्द बुलाओ आदि नारे लगाए ।

**स्वागत** — सरकारी स्कूलों में पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

# अमरोहा में गर्मियों की छुट्टी के बाद खुले स्कूल, बच्चो के खिल उठे चहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आदमपुर।** गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद स्कूल आज से खुल गए हैं, करीब डेढ़ महीने बाद स्कूलों की रौनक लौट आई है, डेढ़ महीने बाद फिर स्कूल आकर बच्चे अपने दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक दिखे, वहीं बच्चों को स्कूल छोड़ने आए पेरेंट्स भी खुश नजर आए।

ग्रीष्मावकाश के छुट्टी के बाद बच्चे जब विद्यालय के गेट पर पहुंच रहे थे तो विद्यालय के अध्यापक गण के हाथों में छड़ी नहीं बल्कि थाल में फूल थे। आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत नन्हे मुन्ने बच्चे जब विद्यालय पहुंचे ,प्राथमिक







विद्यालय पतेई खादर के प्रधानाध्यापक एवं जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ यशपाल सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ,समस्त स्टाफ के द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह गौरव नागर ऋषभ चौधरी राजीव कुमार शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने चलाया महासफाई अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् चन्दौसी द्वारा 72 घंटे नाला सफाई महाअभियान शुरू किया गया है। अभियान की शुरूआत शुक्रवार की सुबह अधिशासी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी नीतू रानी द्वारा संभल गेट पर की गई। शासन द्वारा आगामी मानसून के दृष्टिगत नगर निगम एवं नगरपालिकाओं को 72 घंटे का नाला सफाई महाअभियान शुरू करने का निर्देश दिये गये हैं। इसी के चलते अधिशासी अधिकारी ने शुक्रवार को सुबह से ही नाला सफाई महाअभियान शुरू कर दिया। बता दें कि अधिशासी अधिकारी ने स्वयं अपनी देखरेख में अभियान शुरू कराया जिसमें घटिया गेट से तेलियान वाले पुल पर बेको लोडर ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। सफाई खाद निरीक्षकों द्वारा बताया गया कि 72 घंटे नाला सफाई महाअभियान के तहत वार्ड नंबर मोहल्ला चुन्नी,



सीकरी गेट, संभल गेट, आवास विकास पर नालियों की सफाई का कार्य व बदायूं चुंगी पर छोटे नालों का सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि नाले के आसपास आवासीय व व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा दुकानों व घरों का कचरा बड़ी तादाद में थमाकौल व डब्बा का का कचरा भी नाले में डाला जा रहा है जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय सुपरवाइजरों को आदेश दिए गए कि ऐसे सभी व्यापारियों से संपर्क कर उन्हें ऐसा करने से रोके व ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, दिलशाद, समीम, देशराज यादव उपस्थित रहे।

# संजना सातरोड ने पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ महाअभियान का किया शुभारम्भ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हिसार (राजेश सलूजा)।** समीपवर्ती गांव सातरोड खास में पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ महाअभियान का वरिष्ठ समाजसेविका संजना सातरोड

**पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन अधूराः संजना सातरोड**

द्वारा 101 पौधे लगाकर शुभारंभ किया गयो इसके साथ-साथ इस महाअभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की देखरेख करने का संकल्प भी लिया गयो वरिष्ठ समाजसेविका संजना सातरोड ने कहा कि इस महाअभियान के तहत पूरे बरवाला हलके के गांवों में अलग अलग किस्मों के 11000 पौधे लगाए जाएंगे यह महाअभियान 15 जुलाई तक चलाया जाएगो उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन का अभिन्न अंग है पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन अधूरा है इस अवसर पर गांव सातरोड खास के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने की वार्ड 2 निवासी मृतक नीरज कुमार के परिवार से मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष/ पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मिठाई लाल भारती के नेतृत्व में नगर पंचायत जंगीपुर (वार्ड 2) निवासी मृतक नीरज कुमार पुत्र श्री रमेश राम के परिवार से मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिया एवं पीड़ित परिवार के साथ प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक गाजीपुर से मुलाकात कर तत्काल हत्या में शामिल दोषियों को गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा 50 लाख मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिवंगत आत्मा को



शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रतिनिधिमंडल में श्री मिठाई लाल भारती जी( राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी) मा. वीरेंद्र यादव विधायक जंगीपुर, गोपाल यादव ज़िलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजीपुर, मा. काशीनाथ यादव पूर्व एमएलसी, मा. जै किशन साहू विधायक सदर, मा . शिवगतुल्ला अंसारी पूर्व विधायक, मा. विजय यादव पूर्व एमएलसी श्री त्रिवेणी राम पूर्व विधायक, श्री सत्यप्रकाश सोनकर राष्ट्रीय महासचिव अम्बेडकर वाहिनी, श्री रामधारी यादव पूर्व ज़िलाध्यक्ष, श्री मन्नू सिंह प्रतिनिधि विधायक जमानियां,श्री जितेंद्र भारती राष्ट्रीय सचिव अम्बेडकर वाहिनी श्री आलोक कुमार राष्ट्रीय सचिव अम्बेडकर वाहिनी , शशिकांत भारती राष्ट्रीय सचिव अम्बेडकर वाहिनी, पूजा गौतम ज़िला सचिव, प्रभुनाथ राम, आदि ज़िम्मेदार नेता गण उपस्थित रहें !

# अयोध्या से सपा अवधेश के बेटे को दे सकती है टिकट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की दो चर्चित विधानसभा सीटों में से अयोध्या जिले की मिल्कीपुर और अंबेडकरनगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी में नाम का मंथन शुरू हो गया है. माना जा रहा है कि संसद का मौजूदा सत्र खत्म होने के बाद दिल्ली से लौटते ही अखिलेश इस पर फाइनल मुहर लगा देंगे।

सूत्रों की मानें तो मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत वहीं कटेहरी से लालजी वर्मा की बेटी छाया वर्मा सपा की तरफ से चुनाव मैदान में उतर सकती हैं. बात मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की करें तो यहां से साल 2022 के विधानसभा चुनाव में 13 हजार वोटों से अवधेश प्रसाद ने जीता था. वहीं लोकसभा में चुनाव इस विधानसभा में सपा को 8000 वोटों से बढ़त मिली. कटेहरी विधानसभा सीट में लालजी वर्मा ने साल 2022 का विधानसभा चुनाव 7 हजार वोटों से जीता था लेकिन लोकसभा चुनाव में कटेहरी में उन्हें 17 हजार वोटों की बढ़त मिली थी।

मिल्कीपुर और कटेहरी के अलावा यूपी की जिन सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें फूलपुर, मझवा, मीरापुर, करहल, कुंदरकी, गाजियाबाद और खैर विधानसभा, रायबरेली की ऊंचाहार सीट भी शामिल हैं। यूपी की इन 10 सीटों के उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव के नजरिए से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. एक ओर जहां सपा को उम्मीद है कि उसके लिए लोकसभा चुनाव सरीखा परिणाम होगा वहीं बीजेपी अपनी सीटें दोबारा हासिल करने के साथ ही विधानसभा में अपनी संख्या बढ़ाने पर जोर देगी. दोनों ही खेमों में तैयारियां जारी हैं. अभी तक चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है।

# विधायक गीता भारत जैन के अथक प्रयासों से मीरा-भायंदर में बनेगा अत्याधुनिक व भव्य कैंसर अस्पताल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुंबई** । महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र में साल 2019 में एक स्वतंत्र विधायिका के तौर पर चुनी जाने वाली गीता भारत जैन की पहचान विकास और सामाजिक बदलाव के लिए अथक प्रयास करने वाली नेता के रूप में होती है।

मीरा-भायंदर में कैंसर अस्पताल के निर्माण की संकल्पना स्थानीय लोगों को सुलभ तरीके से और किफायती दरों में इलाज मुहैया कराने के संकल्प के चलते पैदा हुई. स्थानीय लोगों द्वारा कैंसर के इलाज के लिए झेली जाने वाली तमाम मुसीबतों को देखते हुए मीरा-भायंदर में कैंसर अस्पताल को बनवाने की शुरूआती प्रेरणा मिली।

कैंसर अस्पताल बनवाने को लेकर विधायिका गीता भारत जैन का विजन स्पष्ट था - सभी आधुनिक उपकरणों से सुसज्ज एक ऐसे कैंसर अस्पताल का



निर्माण करना जो निजी अस्पतालों पर लोगों की निर्भरता को खत्म कर दे और हर किसी को कैंसर का गुणवत्तापूर्ण इलाज आसानी से उपलब्ध हो सके।

साल 2022-23 में मीरा-भायंदर में दौरे के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को गीता भारत जैन ने जनता की भारी मौजूदगी में इलाके में अस्पताल के निर्माण के बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी दी थी. इस प्रस्ताव पर तुरंत सभी का ध्यान आकर्षित किया गया और फिर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जल्द ही इस प्रस्ताव के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया। उल्लेखनीय है कि अस्पताल के निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर मीरा-भायंदर नगर निगम को अब तक 13.4 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं जो निर्माण कार्य के शुरू होने का संकेत है. यह गीता भारत जैन के दूरद्दष्टा होने का सबूत है कि मीरा-भायंदर की सीमा में एक भव्य कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। आसपास रहने वाले लगभग 50 लाख लोगों को इसका फायदा होगा।

यह इलाके में स्वास्थ्य क्षेत्र की बेहतरी के लिए उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों व उनके समर्पण भाव को दशार्ता है। विधायिका गीता भारत जैन एक ऐसी शख्सियत हैं जो अपनी विरासत को एक सकारात्मक और समाज में बदलाव के तौर में देखना चाहती हैं. वो अपने पीछे एक ऐसी विरासत को छोड़ जाना चाहती हैं जिसमें सभी को जनता की सेवाभाव का अक्स नजर आता हो।

# डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाऊस का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल में स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाऊस का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईवीएम, बी.यू एवं सी.यू के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि वेयर हाऊस पर तैनात गार्ड सतर्कता से अपनी डयूटी पर तैनात रहें। सीसीटीवी कैमरों को लेकर भी दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को भी चेक किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया,एस.ओ.सी चकबंदी, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरेली फायरिंग मामले में दूसरे पक्ष के रिसॉर्ट पर चला बुलडोजर, कार्यवाही का परिवार ने किया विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** बरेली बवाल प्रकरण में शुक्रवार को दूसरे पक्ष आदित्य उपाध्याय के रिसॉर्ट पर कार्रवाई हुई। पुलिस प्रशासन और बीडीए की टीम ने बुलडोजर से बरातघर को ध्वस्त कराया। इस दौरान आदित्य की मां और भाई ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया।

बरेली के पीलीभीत बाइपास पर फायरिंग और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई जारी है। मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना के मकान और होटल के ध्वस्तीकरण के बाद शुक्रवार को दूसरे पक्ष आदित्य उपाध्याय के रिसॉर्ट पर कार्रवाई हुई। पुलिस प्रशासन और बीडीए की टीमें दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बुलडोजर और पोकलेन मशीन लेकर सांवरिया रिसॉर्ट पर पहुंचीं। बुलडोजर से रिसॉर्ट को ध्वस्त कराया गया।

बताया जा रहा है कि डोहरा रोड स्थित



सांवरिया रिसॉर्ट का निर्माण बीडीए के मानकों के विपरीत किया गया। इसके चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। कार्रवाई के दौरान आदित्य की मां और भाई पहुंच गए। दोनों ने हंगामा किया। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठा लिया। दोनों ने पुलिस की गाड़ी से कूदने का प्रयास किया। आदित्य की मां ने आरोप लगाया कि कार्रवाई से पहले उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। यह रिसॉर्ट मेरे नाम है। मुझे सामान भी नहीं निकालने दिया।

**22 जून को हुई थी घटना**

22 जून की सुबह पीलीभीत बाइपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर राजीव राना और आदित्य उपाध्याय के गुटों में जमकर फायरिंग हुई थी। बीच सड़क पर खुलेआम फायरिंग की घटना से शहर की कानून व्यवस्था पर सवाल उठे थे। शासन ने इस मामले में रिपोर्ट तलब की थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने में जुटा है। गुरुवार को राजीव राणा के होटल और मकान पर बुलडोजर चला था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होते ही राना दौड़ा चला आया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**राना के भाई और बेटे भी गिरफ्तार**

आरोपी प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना को शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा। इससे पहले गुरुवार की रात में ही दबिश देकर पुलिस ने अलग अलग जगह से राना के चार परिजनों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें राना के भाई हरिओम और राधेश्याम व बेटे आशीष और राजन को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी को शुक्रवार को जेल भेजा जा सकता है। इनमें से अधिकांश के नाम मुकदमे में शामिल नहीं थे, जो अब शामिल किए जाएंगे।

# उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति पाने वाले थाना प्रभारी महेन्द्र त्रिपाठी को एसएसपी द्वारा कंधों पर तीसरा सितारा लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार द्वारा थाना प्रभारी जहांगीराबाद (उपनिरीक्षक) महेन्द्र त्रिपाठी को वरिष्ठता के आधार पर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर पुलिस कार्यालय में कंधों पर तीसरा स्टार लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु की कामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र उपस्थित रहें



# भाकियू ने छः सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने छः सूत्री मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। तहसील अध्यक्ष लीलू प्रधान के नेतृत्व में तमाम किसान तहसील पर पहुंचे तथा सरकार और प्रशासन को किसानों की समस्याओं के अनदेखी पर कोसा । उपजिलाधिकारी प्रियंका गोयल को भाकियू ने उनके छः सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तहसील परिसर के अंदर हो रहे भ्रष्टाचार एवं किसानों के शोषण के संबंध में, आवारा पशुओं से आहत किसने की समस्याओं के संबंध में, चकबंदी विभाग द्वारा किसानों के शोषण के संबंध में, पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध वसूली के संबंध में, विद्युत विभाग द्वारा किसानों के शोषण के संबंध में, पानी की टंकी निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा गांव में रास्ते उखाड़ कर छोड़ने के संबंध में आदि कई मांगे शामिल हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में बृहस्पतिवार को होने वाले धरना में एस. सी.विद्युत विभाग, ए.डी.एम.ई. और एफ. डी.पी.आर.ओ., एस. ओ. सी. चकबंदी, अधिशासी अभियंता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाल विकास, परियोजना अधिकारी, लोक निर्माण विभाग आदि अधिकारीयों की उपस्थिति अनिवार्य कहते हुए ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय कुलदीप चौधरी, लीलू प्रधान, हॉबी कौशिक, नवीन चौधरी, कुलदीप, गल्ला, सोनू ,मुनीम, बबलू कुमार, सुनील कुमार, शैलेंद्र चौधरी सोनू चौधरी एक चौधरी आदि सहित भारतीय किसान यूनियन टिकैट के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शायर अहलेबैत फाज़िल लखनवी मर्सिया ख्वां कामिल रिजवी की माता का निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मशहूर शायर ए अहले बैत फाज़िल लखनवी व मारूफ मर्सिया ख्वां कामिल रिजवी की माता का निधन हो गया, मृतका का अंतिम संस्कार कर्बला ताल कटोरे में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार (जनाजे) के समय मजलिस को मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने संबोधित किया, जिसके बाद अंजुमन हाय मातमी ने नौहाख़्वानी करी। मरहूमा के पंजुम की मजलिस रविवार 30 जून मैदान एल एच खां स्थित मासूमिया मस्जिद में सुबह साढ़े नौ बजे होगी जिसे मौलाना सैयद मुहम्मद अस्करी संबोधित करेंगे।

# सैन सविता समाज ने जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर किया मालार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** सैन सविता समाज जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सैन द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न प्रतिमा आज के दिन स्थापित जिला बुलंदशहर सैन चौक पर की गई स्थापना दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ यतेद्र कुमार सैन प्रदेश अध्यक्ष सैन सविता समाज ने ठाकुर को




माल्यार्पण किया और जीवन परिचय दिया और मोदी सरकार द्वारा रामनाथ ठाकुर जी को कृषि केंद्रीय मंत्री बनाया जिससे सैन समाज मे खुशी का माहौल है हम माननीय नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बिहार जी व भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के लिये शुभकामनाएं बधाई देते है पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति पिंकी गर्ग का आभार जताया इनके कार्यकाल में प्रतिमा स्थापित हुई उपस्थित जयवीर सिंह जिला कोषाध्यक्ष , प्रदीप तोमर जिला मीडिया प्रभारी डॉ मनोज सैन रहे।

**बवाल** घंटा किया रोड जाम, अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर खुलवाया

# प्रेम जाल में फंसा नाबालिग को भागने को लेकर हिंदू संगठन ने किया बवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** प्रेम जाल में फंसा कर एक नाबालिक लड़की कोभाग ले जाने वाले के खिलाफ चौबेपुर में बवाल हो गया। इसके विरोध में हिंदू संगठन ने कई घंटे तक रोड जाम रखा, जिसे अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर बड़ी मुश्किल से खुलवाया।

प्राप्त विवरण के मुताबिक चौबेपुर थाना क्षेत्र के हकीम नगर चौबेपुर निवासी वक्रुद्दीन का 35 वर्षीय पुत्र नौशाद धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाने और घर-घर जाकर कोचिंग पढ़ाने का काम करता है। उसने किशोरी को प्रलोभन देखकर और बेलापुर लाकर अपने प्रेम जाल में फंसाया।

आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाएं। इसके बाद उस पर और उसकी मां पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। किशोरी की मां और समाज का विरोध देख युवक पगला उठा और गुरुवार को वह एक गाड़ी लेकर किशोरी के गांव पहुंच गया। फोन कॉल कर



उसने बहाने से किशोरी को बुलाया। फिर उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया।

परिजनों द्वारा सूचित करने के बाद जब पुलिस आरोपी की तलाश रही थी, तभी बीती रात 11 बजे हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने युवक को किशोरी समेत पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

इसकी जानकारी मिलते ही सड़कों पर आए हिंदू संगठनों ने हंगामा किया। उनका आरोप है कि आरोपित युवक को पुलिस को पकड़ाने के बाद जब वह थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की।

बवाल की जानकारी मिलते ही एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, डीसीपी विजय ढुल और एसपीएस चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओ को समझा-बुझाकर शांत कराया और आरोपित पर कठोर कार्रवाही का आश्वासन दिया।

# टीएमयू के डेंटल कैंप में ग्रामीणों की जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हैल्थ डेंटिस्ट्री की ओर से मुरादाबाद के गांव हासमपुर में आयोजित स्कूल डेंटल कैंप में ६-१३ साल के एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को ब्रश करने के सही तरीके बताते

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हैल्थ डेंटिस्ट्री की ओर से स्कूल डेंटल कैंप**

हुए कहा, हमें दातों की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतिदिन दो बार सुबह और रात को ब्रश करना चाहिए, ताकि दांतों की तमाम बीमारियों से बच सकें। साथ ही गांव की १९ महिलाओं और ३७ पुरूषों के दांतों की भी गहनता से जांच की गई। डेंटल कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल एवम्




डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हैल्थ डेंटिस्ट्री के एचओडी प्रो. (डॉ.) प्रदीप तांगडे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन और प्रो. डॉ. विकास सिंह बताते हैं, डेंटल कॉलेज की ओर से समय-समय पर स्कूल डेंटल कैंप, विलेज और एनएसएस डेंटल कैंप लगाए जाते हैं। इन कैंपों का मकसद छात्रों और ग्रामीणों को जागरूक करना है। डेंटल स्टुडेंट्स ने कैंप में बताया, नियमित और सही तरह से ब्रश न करने पर दांतों से जुड़ी बीमारियों जैसे- मसूड़ों से खून आना, दांतों में कीड़ा लगना, मुंह से बदबू आना आदि समस्याएं हो जाती हैं। कैंप में एमडीएस के स्टुडेंट डॉ. प्रभात कुमार सिंह, बीडीएस इंटर्नस मनीषा, रिदा आदि शामिल रहे।

## तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार एवं किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: अजय प्रताप सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है, किंतु इसके बावजूद तहसील क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसको लेकर अपनी ही सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारी के खिलाफ ठाकुरद्वारा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय



प्रताप सिंह को मजबूरन शुक्रवार को सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा एवं तहसीलदार का घेराव कर तहसील कार्यालय में किसानों के साथ किए जा रहे शोषण एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई एवं विभिन्न जन समस्याओं के साथ तहसील क्षेत्र में रियल टाइम खतौनियों मे नाम एवं रकवा गलत किए जाने के नाम पर किसानों से की जा रही हजारों की ठगी पर तुरंत रोक लगाई जाने को कहा है ।क्षेत्र में भ्रष्टाचार के चलते ही बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पांचो विधानसभा में पराजय का मुंह देखना पड़ा। भाजपा नेताओं ने ठाकुरद्वारा नगर में शनिवार को लगने वाले कपड़े के बाजार को मुख्य हाइवे से हटाकर लगाने, उत्तराखंड से क्षेत्र में आने वाली काली राह पर अंकुश के साथ क्षेत्र में की जा रही खनन के ट्रांसपोर्ट पर रोक की भी मांग की। इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र बंधु गुप्ता ठाकुरद्वारा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पाल सुनील पुठिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किराये की रायफल से वंशिका बिश्नोई ने जीता मेडल, बेटियों को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज बनाना है: राजीव बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** होनहार निशानेबाज वंशिका विश्नोई ने किराये की रायफल से रजत पदक पर निशाना साधा है। नई दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज में प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें वंशिका ने 50 मीटर शूटिंग में पदक जीता है। हालांकि यह उनकी पहली उपलब्धि नहीं, लेकिन लगातार संघर्ष के बाद उन्हें यह सफलता मिली है।

कांठ के गांव खेमपुर गामड़ी निवासी राजीव विश्नोई की दो बेटियां अंशिका व वंशिका हैं। दोनों ने कक्षा सात में जब स्कूल से शूटिंग का अभ्यास शुरू किया तो पिता ने रोका। कहा कि महंगा खेल है और आगे बहुत कठिनाई होगी, लेकिन बड़े भाई ने दोनों बहनों का हौसला बढ़ाया। उनके कहने पर राजीव भी मान गए और बेटियों को आगे बढ़ाने कां संकल्प ले लिया। प्राइवेट नौकरी से सीमित संसाधनों में परिवार चलाने वाले राजीव विश्नोई आज तक बेटियों को महंगी रायफल नहीं दिला पाए। नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने डेढ़ घंटे के लिए चार हजार रुपये किराये पर वॉल्थर रायफल ली। तब वंशिका प्रतियोगिता में प्रदर्शन कर पाईं। वह 10 मीटर एयर रायफल की खिलाड़ी हैं, लेकिन पहले ही प्रयास में उन्होंने 50 मीटर शूटिंग में भी खुद को साबित कर दिया। उनकी उपलब्धि से पिता व पूरे परिवार को बहुत खुशी हुई है।

**सात साल पहले दोनों बहनों से शुरू किया था अभ्यास'**

सात साल पहले अंशिका व वंशिका विश्नोई शहर के मिशन स्कूल में पढ़ती थीं। उन्होंने स्कूल से ही शूटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिला तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक के बाद एक मंडल व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते। नेशनल टीम का ट्रायल भी दिया, लेकिन सफल नहीं हो पाई। अब काफी माह बाद वंशिका ने रजत पदक जीता है और छोटी बहन अंशिका जम्मू के एक कॉलेज में शूटिंग कोच के तौर पर तैनात हो गई है'अंशिका व वंशिका के पिता राजीव ने बताया कि डेढ़ साल पहले प्रदेश के एक विधायक ने बेटियों की प्रतिभा से प्रभावित होकर नई रायफल दिलाने का वादा किया था, लेकिन आज तक रायफल नहीं मिली। राजीव ने कहा कि चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन वह बेटियों को रायफल की कमी के कारण प्रतियोगिता में भाग लेने से नहीं रोकेंगे। किराये की रायफल से ही सही, लेकिन बेटियों तो अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज खिलाड़ी बनाना है।

# आइसीसीसी से जुड़ेंगे सेंसर युक्त कूड़ा ढोने वाले वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडलायुक्त कार्यालय में हुई स्मार्ट सिटी, स्पेशल परपस व्हीकल (एसपीवी) बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक में स्मार्ट सिटी के काम पूरा होने के बाद भी उनके क्रियाशील नहीं होने पर मंडलायुक्त एवं स्मार्ट सिटी के चेयरमैन आंजनेय कुमार सिंह ने अभी तक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) से कूड़ा उठाने वाले वाहनों को सेंसर से नहीं जोड़ने पर नाराजगी जताई। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही कहा कि कूड़ा होने वाले वाहन ढककर गुजरें, जिससे दुर्गंध न फैले और कूड़ा गिरे नहीं। सिटी ब्रांडिंग के काम भी दिखाई नहीं देने पर उन्होंने कहा कि शहर में प्रवेश करने पर कुछ नहीं दिख रहा है। जिससे बाहर के लोगों को शहर में प्रवेश करने पर कुछ स्पेशल दिखाई दे। कामन फेसेलिटी सेंटर फार ब्रास फर्नेस परियोजना में अभी भवन ही बना है। इसमें मशीनों का संचालन नहीं होने परियोजना को पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक जुलाई तक पीएनजी संचालित भट्टियां व अन्य मशीनरी संचालित करके मुझे दिखाएं। इसके अलावा स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कई काम क्रियान्वित न होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्ति की ' आइसीसीसी से सेफ सिटी के तहत निजी कैमरों को जोड़ने और उनका विजन स्पष्ट है या नहीं, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा। बाद में यह बहाना न हो कि कैमरे का विजन, लाइट नहीं थी, इस वजह से घटना कैद नहीं हो पाई। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने कहा कि 7000 कैमरे फंक्शनल किए जा रहे हैं। इसमें 5,000 कैमरे निजी पब्लिक के हैं और 2000 स्मार्ट सिटी के हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि वह भी स्मार्ट सिटी के कामों को देखेंगे। जिलाधिकारी को स्मार्ट सिटी के निदेशक मंडल में निदेशक नियुक्त किया गया। बैठक में नगर आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल, एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, डिप्टी सेकेट्री राम सिंह, अपर नगर आयुक्त एवं एडिशनल सीईओ अतुल कुमार, स्मार्ट सिटी प्रभारी अरुण मिश्रा, मुख्य अभियंता एके मित्तल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कानून व्यवस्था का राज स्थापित करना पहली प्राथमिकता: अनुज कुमार सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नए डीएम अनुज कुमार सिंह ने कहा कि जिले में



कानून व्यवस्था का राज स्थापित करना पहली प्राथमिकता है। जनपद में सरकार की योजनाओं को लागू करने के लिए नई कार्य संस्कृति शुरू करेंगे। बिहार के छपरा जिले के मूल निवासी अनुज कुमार सिंह को शासन ने मुरादाबाद का डीएम नियुक्त किया है। सीतापुर से तबादला होने के बाद नए डीएम बृहस्पतिवार की सुबह कलक्ट्रेट पहुंचे।उन्होंने कोषागार में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का राज स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। सरकार की योजनाओं का पूरी तरह से क्रियान्वयन कराएंगे। अधिकारियों में कार्य करने की एक नई संस्कृति पैदा करेंगे। शहर के सुंदरीकरण में वह नगर निगम का सहयोग करेंगे। तहसीलों में प्रमाणपत्रों के लिए आम जनता को चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाएंगे। जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में एक होगा। 2013 बैच के आईएएस अनुज कुमार सिंह ने बलिया जिले में प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में रहे।

# शिक्षकों के लिए नया फरमान जारी,अब प्रार्थना सभा का फोटो बीईओ को भेजेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राइमरी स्कूलों के




शिक्षकों के लिए एक और नया फरमान जारी किया गया है। इसके तहत प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकायें प्रतिदिन प्रार्थना सभा में स्वयं के साथ पूरे प्रार्थना सभा का फोटो लेकर अपने खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को भेजेंगे। 27 जून को स्कूल शिक्षा महानिदेशक की ओर से प्रधानाध्यापकों व अध्यापकों के कार्य एवं दायित्वों को लेकर जारी आदेश को लेकर शिक्षकों में आज असंतोष देखा गया ।शिक्षकों ने इसे उनकी विश्वशनीयता का गला घोंटे जाने की संज्ञा दी है। साथ ही कहा है कि रोज ऐसे आदेश जारी कर विभाग ने स्कूलों को प्रयोगशाला बना दिया है।

# शासन के निर्देश पर दुल्हन की तरह सजे विद्यालय,पर्यावरण के प्रति बच्चों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर शुक्रवार को नगर में स्टेशन रोड स्थित कम्पोजिट विद्यालय में आने वाले समस्त बच्चों का प्रवेश द्वार पर रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य द्वार व कक्षा-कक्षों को बन्दनवार, रंगीन झालरों व गुब्बारों द्वारा सजाया गया। समर कैम्प की गति वियियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के बारे मे जानकारी दी गई। इस मौके पर वृक्षारोपण के प्रति जागरुक किया गया इस अवसर पर छात्र-छाताओं व विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। बच्चों को खीर का वितरण हुआ समर कैंप के प्रथम दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम को आयोजन हुआ ।

इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक,वन्दना विश्नोई, नीरू रस्तोगी, बदर जहां, पारुल जैन सोनी, स्वाति शेखावत, राखी बिश्नोई,सुमन कुमार व कविता रानी आदि उपस्थित रहे' प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में बच्चों को रोली तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ समर कैंप आयोजन के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता गतिविधि के अंतर्गत स्वस्थ जीवन शैली अपनाना का संदेश प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी द्वारा बच्चों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। समर कैंप में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।





# स्वामी राजेंद्रानंद ने बिश्नोई समाज में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लोगों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिश्नोई समाज के उच्च कोटि के संत स्वामी राजेंद्रानंद जी महाराज ने श्री जंभ वाणी हरि के कथा के समापन पर बिश्नोई समाज में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले समाजसेवी लोगों को पगड़ी पहनाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया है'।

स्वामी जी ने इस अवसर पर एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा), बिश्नोई सभा मेरठ के अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई, प्रसिद्ध साहित्यकार योगेंद्र पाल सिंह बिश्नोई, समाजसेवी राजकुमार बिश्नोई, श्री ओम बिश्नोई,बिश्नोई, भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल,महामंत्री राजन विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली चौहान, आदि को सम्मानित किया गया।





## पीड़ित महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की लगाई गुहार

# महिला ने लगाया जबरदस्ती ईख के खेत मे लेजाकर बलात्कार करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी)।** कुन्दरकी थानान्तर्गत एक गांव से दवाई लेने जा रही एक महिला ने ईख के खेत मे रास्ते से खींचकर जबरन बलात्कार करने का आरोप लगाया है । पीड़ित महिला का कहना है कि वह गुरुवार की दोपहर को अपनी दाड़ की दवाई लेने भेसौड़ गांव को आयी थी । महिला का आरोप है कि मझौली गांव के पास स्थित दरगाह के पास महिला सवारी से ऊतरी और पैदल पैदल गांव को दवाई लेने जाने लगी।

रास्ते मे भूरा पुत्र भूकन सिंह निवासी मझौली खास थाना कुन्दरकी मिला और भूरा पीड़ित महिला को बहला-फुसलाकर ईख के खेत मे ले गया और जबरदस्ती उसने महिला के साथ बलात्कार किया।



सेवा में
श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय
जनपद मुरादाबाद
सम्बन्धित थाना- कुन्दरकी

महोदय,
निवेदन है कि प्रार्थीनी की दाड़ पिछले एक महीन से दर्द हो रहा है मै अपना उपचार करा रही थी करीब एक सप्ताह पहले मेरे पड़ोसी अतीक अहमद मुन्शी के घर पर एक व्यक्ति टकी फिटिंग का काम करने के लिए आया मेने अतीक अहमद की पत्नी आमना बेगम को बताया की मेरी दाड़ मे दर्द हो रहा है इस पर टकी फिटिंग करने वाले ने मुझे बताया की हमारे गांव के पास भेसोड गांवा मे एक व्यक्ति दाड़ के दर्द की अच्छी दवाई देता है और कीड़ा भी निकाल देता उस व्यक्ति ने अपना नाम भूरा बताया और उसने वहीं को आ जाना मै तुम्हे दवाई दिला दुंगा और भूरा ने मेरा फोन नं0 भी ले लिया प्रार्थीनी दिनांक-26.06.2024 को भेसोड गांव को आयी भूरा मुझे मिला और वह मेरे साथ भेसोड गांव तक गया और दवाई देने वाले व्यक्ति का घर बता कर वापस आ गया मे दवाई लेकर वापस अपने घर चली आयी मगर दाड़ मे दर्द को आराम नही हो सका दिनांक- 27.06.2024 को भूरा ने मुझे फोन किया और मालूम किया दर्द कैसा है तब मेने बताया आराम नही हुआ इस पर भूरा ने फिर से कहा आज तुम फिर से आओ अच्छी दवा दिला दुंगा मैं सवारी से कुन्दरकी आयी और कुन्दरकी से मझौली मजार पर पहुची वहॅ से पेदल जाने लगी रास्ते मे मुझे भूरा पुत्र भूकनसिंह निवासी मझौली खास थाना कुन्दरकी जिला मुरादाबाद मिल गया और जबरन मुझे इख के खेत मे ले गया और जबरदस्ती मेरे भूरा ने बलात्कार किया मेने सोर मचाया तो मुझे जान से मारने की धमकी दी तब मेने कहा की रिपोर्ट कराउगी तभी ओमवीर पुत्र भूकन सिंह संजीव पुत्र भूरा निवासीगण ग्राम मझौली खास थाना कुन्दरकी जिला मुरादाबाद आ गये इन लोगो ने भी मुझे मारा पीट और गाली गलोच की संजीव ने मेरे पैर पर चाकू मार दिया मार पीट के कारण मेरे अन्य चोटे भी आयी तीनो लोगो ने किसी को कुछ बताने रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी दी प्रार्थीनी को उपरोक्त लोग वही छोड़ कर चले गये प्रार्थीनी जेसे तेसे वह से किसी तरह से आयी उपरोक्त वाकया का समय करीब 3 बजे दिन का है इस के उपरान्त प्रार्थीनी थाना कुन्दरकी प्रार्थन पत्र लेकर गयी पर किसी ने भी रिपोर्ट नही लिखी।
आज प्रार्थीनी श्रीमानजी की शरण में आई है और प्रार्थना है कि उक्त लोगो के खिलाफ थाना हाजा मे रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश पारित कर प्रार्थीनी की जान माल की रक्षा करने की कृपा करें।

दिनांक

प्रार्थीनी
श्रीमती बबीता पत्नी श्री संजीव जाटव
निवासी तारिक नगर धीमरी थाना
मझौला जिला मुरादाबाद।
मो.नं0 9917493396

महिला का आरोप है कि उसके विरोध करने पर भूरा ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी है ।महिला का आरोप है कि उसी दौरान जंगल मे भूरा का भाई ओमवीर और बेटा संजीव आ गया । महिला का आरोप है कि इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की है ।संजीव ने उसके चाकू मारा है और किसी को कुछ बताने और रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी दी है । पीड़ित महिला किसी तरह थाने पहुंची और पुलिस से दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है । मगर कुन्दरकी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की । पीड़ित महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर और अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करके दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

**स्वागत** समर कैंप का हुआ आयोजन, बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाना शिक्षकों का दायित्व: रितेश शर्मा

# परिषदीय विद्यालयों में पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर आज ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद परिषदीय स्कूलों में पहुंचे बच्चों का शिक्षक शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया बच्चों ने स्कूल में आयोजित समर कैंप में भी प्रति भाग किया ' बच्चों को हलवे का वितरण भी किया गया' जूनियर हाईस्कूल हकीमपुर कम्पोजिट में ग्रीष्मावकाश के उपरांत बच्चों के आगमन पर विद्यालय कों फूलों, गुब्बारों व रंगोली बनाकर सजाया गया तथा बच्चों कों रोली -टीका लगाकर स्वागत किया गया।साथ ही दो दिवसीय समर कैंप का शुभारम्भ किया गया।समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों कों पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन स्थलों व ऐतिहासिक स्थलों के बारे में बताया गया साथ ही वृक्षारोपण भी कराया गया। इस







अवसर पर समेंदर सिंह, डॉ कपिल सिरोही (अध्यक्ष) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट, ब्रजबाला, किरणबाला, मोनिका विश्नोई, रामचंदर, मिनाक्षी वर्मा, अंजू चौधरी, हरपाल सिंह, तथा ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहें। प्राथमिक विद्यालय हिमायुपुर में छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों द्वारा गीत गायन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समर कैंप में मयंक, नैंसी, दिव्यांशी, विराट, जतिन, बंसी, अनुष्का, आराध्या, रिद्धि, सिद्धि, मेधा आदि उपस्थित रहे' विद्यालय के सहायक अध्यापक रितेश शर्मा ने बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया' कम्पोजिट विद्यालय डायट परिसर कांठ में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के , वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह रावत एवं प्रवक्ता शीतल कुमार ने विद्यालय में प्रवेश उत्सव एवं समर कैम्प हेतु आयोजित कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शिक्षा की गुणवत्ता का महत्व बताते हुए नियमित रूप से विद्यालय में आने के लिए उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया था' छात्र/छात्राओं का विद्यालय प्रवेश द्वार पर टीक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्र०अ० शाहिदा खातून, अरविन्द बिश्नोई, निशा, हदेश कुमारी, तन्वी रस्तौगी, मौ०आरिक, शिवाली एवं राधा रानी आदि मौजूद थे ।

## मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत ब्राइट स्टार हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (आसिफ) ।** उजाला सिग्रेस ब्राइट स्टार हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री राहत कोष योजना लागू कर दी गई हैं, अब हर गरीब मरीज का इलाज अस्पताल में योजना के तहत मुफ्त किया जाएगा, शुक्रवार को अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने प्रेस वार्ता कर योजना की घोषणा की, डॉक्टर के मुताबिक यूपी और पूर्वांचल के ऐसे लोग जो पैसों की कमी की वजह से उपचार नहीं कर पाते हैं, वह अब उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष योजना का लाभ उठा सकते हैं, उजाला सिग्रेस ब्राइट स्टार हॉस्पिटल में सभी तरह की सर्जरी और इलाज कर सकते हैं, इस योजना में आने वाली सर्जरी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी, घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी, कैंसर सर्जरी, ब्रेन ट्यूमर और रीड की हड्डी सर्जरी, इसके अलावा हार्ड की सर्जरी, डायलिसिस, बाल चिकित्सा सर्जरी, नवजात सर्जरी आदी शामिल हैं, हॉस्पिटल डॉयरेक्टर शुचिन बजाज ने बताया कि हमारा मानना हैं कि हर व्यक्ति चाहे उसकी सामाजिक पृष्ठ भूमि कुछ भी हो, किफायती चिकित्सा देखभाल और इलाज पाने का हकदार



हैं, इस योजना के अमल से इस उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी, इसके अलावा उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को बीपीएल कार्ड, मूल ई आय प्रमाण पत्र शामिल हैं, यदि किसी आवेदक पर बीपीएल कार्ड नही हैं तो उसको प्रशासनिक अधिकारीयों से आय प्रमाण पत्र करना जरूरी हैं।

# काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया सरन ने इंटरनेट पर लगाई आग, कातिलाना अदाएं दिखाकर लूटा फैंस का दिल



साउथ की हसीन अदाकारा श्रिया सरन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं। बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना श्रिया सरन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं।

वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना लुक से फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रिया सरन ने ब्लैक कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं।

फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

बालों को खोलकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपने आउटलु को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस श्रिया सरन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुड़ा की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

हिंदी सिनेमा में हॉरर कॉमेडी मूवीज को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुई मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हर रोज धमाल मचा रही है। इस शैली में अब सुपरनैचुरल कॉमेडी ककुड़ा की चचाएं हो रही है।

मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है, साथ ही रिलीजिंग डेट से भी पर्दा उठाया है।

फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम लीड रोल में हैं।

सोशल मीडिया पर मेकर्स ने एक डरावना पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में रितेश बीच में खड़े हैं और उनके हाथ में एक डिवाइस है। उनके बाएं हाथ पर टैटू है और आंखों में काजल लगा हुआ है।

उनके बगल में सोनाक्षी हैं, जो डरी-सहमी नजर आ रही हैं। उन्होंने टॉर्च पकड़ी हुई है।

रितेश के दूसरी तरफ साकिब हैं, जो गुंडे की तरह दिख रहे हैं और टॉर्च पकड़े हुए हैं। तीनों के पीछे डरावनी परछाई है, जो उन्हें करीब से देख रही है। मेकर्स ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, पुरुषों के हित में जारी। ककुड़ा आ रहा है। 12 जुलाई को घर पर रहें और ठीक 7:15 बजे दरवाजा खुला रखना ना भूलें। अब मर्द खतरे में है।




ककुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापित रतौड़ी गांव के ईद-गिर्द घूमती है। यहां हर घर में दो दरवाजे होते हैं, एक सामान्य आकार का और दूसरा उससे छोटा।

फिल्म में अजीबोगरीब अनुष्ठान होते हैं, जिसके तहत हर मंगलवार को शाम 7:15 बजे हर किसी को अपने घर के छोटे दरवाजे को खुला रखना होता है, जो ऐसा नहीं करता, उस पर ककुड़ा अपना प्रकोप बरसाता है। वह घर के मुखिया को भयंकर सजा देता है। ककुड़ा कौन है और वह गांव के पुरुषों को सजा क्यों देता है, गांव वालों को अभिशाप से कैसे मुक्ति मिलेगी?, यह सब फिल्म रिलीज होने पर पता चलेगा।

फिल्म रोंगटे खड़े कर देने वाले पलों के साथ-साथ हंसी-मजाक से भरपूर भी है। इसमें आसिफ खान भी हैं। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी।

# प्रभास व महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हैं राशि खन्ना

साउथ और हिंदी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी सुपरहिट फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपनी करियर की शुरूआत जॉन अब्राहम की फिल्म मद्रास कैफे से की थी, जो 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्हें इंडस्ट्री में आए एक दशक पूरा हो चुका है। एक्ट्रेस ने अपनी टॉलीवुड विश लिस्ट के बारे में बात की। उनकी विश लिस्ट में प्रभास और महेश बाबू जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं, जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं। राशि ने कहा, मैं महेश बाबू के साथ



काम करना चाहती हूं। मैंने यह कई बार कहा है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी ऑन स्क्रीन काफी अच्छी लगेगी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह प्रभास के साथ भी काम करना पसंद करेंगी।

उन्होंने कहा, वह बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिलहाल, राशि के पास कई फिल्में हैं, इनमें द साबरमती रिपोर्ट और तलाखों में एक शामिल हैं। दोनों फिल्मों में उनकी जोड़ी एक्टर विक्रांत मैसी के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, उनकी एक तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा भी पाइपलाइन में है।द साबरमती रिपोर्ट की बात करें, तो यह ड्रामा थ्रिलर फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस पर हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

राशि को पिछली बार सुंदर सी द्वारा निर्देशित कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 में देखा गया था। उन्होंने डॉक्टर माया का किरदार निभाया। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में थी। फिल्म में रामचंद्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश और दिल्ली गणेश भी हैं।

इसका निर्देशन सुंदर सी ने किया।राशि ने 2014 में तेलुगु फिल्म ऊहालु गुसागुसलाडे से साउथ इंजस्ट्री में कदम रखा। श्रीनिवास अवसारला द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा में नागा शौर्य भी लीड रोल में थे। इसे एडमंड रोस्टैंड के फ्रेंच प्ले साइरानो डे बगेरैक से रूपांतरित किया गया है। उनकी एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया। इसके बाद वह 2015 में फिल्म बंगाल टाइगर में नजर आईं। इस फिल्म में वह रवि तेजा के साथ रोमांस करती दिखाई दीं।

# बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी, 100 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

इन दिनों चारों ओर शरवरी वाघ और अभय वर्मा की फिल्म मुंज्या की चर्चा हो रही है।यह फिल्म स्त्री, रूही और भेड़िया निर्मित मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का एक हिस्सा है।7 जून को रिलीज हुई यह फिल्में दर्शकों पर अपना जादू चलाने में सफल रही है। तीसरे सप्ताह में भी इस फिल्म को खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।अब मुंज्या की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।

फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मुंज्या' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 4 करोड़ कलेक्शन किया था. वहीं पहले हफ्ते में 'मुंज्या' की कमाई 35.3 करोड़ रुपये रही और दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 32.65 करोड़ का कारोबार किया. वहीं तीसरे हफ्ते के तीसरे शुक्रवार फिल्म ने 3 करोड़, तीसरे शनिवार 5.5 करोड़, तीसरे संडे 6.85 करोड़ और तीसरे सोमवार 2.25 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 19वें दिन



यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं।

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुंज्या' ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार 2.15 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ 'मुंज्या' के 19 दिनों का कुल कलेक्शन अब 87.70 करोड़ रुपये हो गया है।

'मुंज्या' बॉक्स ऑफिस पर हर दिन कमाल कर रही है. इस छोटे बजट की फिल्म ने कई बड़ी फिल्मों को मात दे दी है. यहां तक कि कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन भी 'मुंज्या' के आगे फीकी साबित हो रही है. इस फिल्म ने रिलीज के 19 दिनों में 87 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. अब ये फिल्म 100 करोड़ से चंद कदम दूर है. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए ये लग रहा है कि 'मुंज्या' जल्द ही ये माइल स्टोन पार कर लेगी. हालांकि अब इस फिल्म को टक्कर देने के लिए सिनेमाघरों में प्रभास स्टारर कल्किक 2898 एडी रिलीज हो रही है।

# खाते वक्त बंद कर दें अपना फोन,वरना शरीर में आ सकती हैं कई खतरनाक बीमारियां

हर पल साथ रहने वाला फोन ही हमें बीमार बना रहा है. इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं हो रही हैं. इतना ही नहीं पेट में भी एक खतरनाक बीमारी फैल रही है. एक्सपट्‌र्स के मुताबिक, आजकल हम अपने गैजेट्स हर जगह लेकर जाते हैं. यहां तक कि बाथरूम में भी इसे नहीं छोड़ते हैं. जिसकी वजह से गैजेट्स पर कई बैक्टीरिया पाए



गए हैं, जिनसे बीमारियां फैल सकती हैं।

फोन से हमेशा हीट निकलती है, ऐसे में यह बैक्टीरिया के लिए सबसे सुरक्षित जगह होती है. स्क्रीन पर बैक्टीरिया के अलावा वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ भी जम जाते हैं, जिनसे डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और स्किन इंफेक्शन का खतरा हो सकता है।

**किन-किन लोगों को खतरा**

फिटनेस ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनने वालों को भी सावधान रहना चाहिए. इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया पो जाते हैं, जो स्किन इंफेक्शन, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, ब्लड, लंग्स में निमोनिया या अन्य अंगों में इंफेक्शन और दस्त की वजह बन सकते हैं. ऐसे लोग जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है. कई-कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड पहने रहने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण का रिस्क रहता है।

**फूड इंफेक्शन होने का डर**

स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस नाम का जीवाणु मिलता है. इसे स्टैफ भी कहा जाता है, जो स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है. इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने से फूड पॉइजनिंग का खतरा भी रहता है, इसलिए खाने के समय गैजेट्स का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, क्योंकि गैजेट्स के जरिए बैक्टीरिया हाथ, चेहरे और मुंह तक आसानी से पहुंच सकता है।

**पेट और यूटीआई के लिए जोखिम भरा**

फोन या गैजेट्स पर एस्चेरिचिया कोलाई या ई-कोलाई नाम के बैक्टीरिया भी पाए जाते हैं, जो गंभीर संक्रमण पैदा कर सकते हैं. इसकी वजह से गंभीर दस्त, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी की बीमारी हो सकती है. स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स बैक्टीरिया गले और स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है।

ये फोन की सतहों पर लंबे समय तक जिंदा रहते हैं. इससे इनके फैलने का खतरा भी ज्यादा होता है. फोन पर स्यूडोमोनस ऐरुगिनोसा बैक्टीरिया भी पाया जाता है, जो सांस में इंफेक्शन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और ब्लड इंफेक्शन का कारण बन सकता है।

**फोन को लेकर क्या सावधानी बरतें**

एक रिसर्च के मुताबिक, 26 मोबाइल फोन पर 11,163 माइक्रो जीव पाए गए हैं, जो खतरनाक तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं. इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए. गैजेट की स्क्रीन और बैक कवर को माइक्रोफाइबर कपड़े या अल्कोहल वाइप्स से रोजाना सही तरह से साफ करें।

बाथरूम या गंदी जगहों पर फोन का इस्तेमाल न करें.शरीर की साफ-सफाई का ध्यान दें. मोबाइल इस्तेमाल करने के बाद फेस, नाक, आंख या मुंह छूने से बचें. अपना फोन किसी के साथ शेयर न करें. ईयरफोन का यूज 1 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार न करें।

# टीनएजर्स पर कितनी रोक-टोक लगाना सही, जानें उन्हें कैसे दिया जाए स्पेस?

बच्चा जब टीनएज में पहुंच जाता है तो वह अक्सर अपनी प्राइवेसी और स्पेस को लेकर नाराजगी जताने लगता है. अगर आप भी टीनएजर्स के पैरेंट्स हैं तो आपने भी तमाम ऐसी सिचुएशंस का सामना किया होगा, जिसमें बच्चा इस तरह की बातें करता है. ऐसे में पैरेंट्स कई बार कंफ्यूज हो जाते हैं कि जिन बच्चों को एक वक्त पर हर समय उनकी जरूरत होती थी, वे अब आजादी जैसी बातें क्यों करने लगे हैं? आइए आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप समझ पाएंगे कि टीनएज में पहुंच चुके बच्चों को कैसे समझा जाए।



**प्राइवेसी की जरूरत को समझना जरूरी**

बच्चों की भलाई के लिए सभी पैरेंट्स सोचते हैं, जो कि एक नॉर्मल प्रक्रिया है. हालांकि, उन्हें कभी इस बात से भी इनकार नहीं करना चाहिए कि प्राइवेसी का अधिकार हर किसी के लिए है. जब बच्चा टीनएज में पहुंच जाता है तो उसके पास अपने दोस्तों से बातचीत करने के लिए तमाम टॉपिक हो सकते हैं. इनमें नए क्रश पर चर्चा से लेकर करियर गोल्स तक शामिल हो सकते हैं. ऐसे में पैरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि अब बच्चे अपनी हर बात आपसे शेयर नहीं कर सकते हैं. ऐसे में उनकी पहचान का सम्मान करना जरूरी हो जाता है. अगर हम उनकी बातों को सम्मान करेंगे तो वे खुद ही अपने सीक्रेट्स पैरेंट्स को बताने के लिए तैयार रहेंगे।

**बच्चों की जरूरत के हिसाब से करें काम**

बच्चों की प्राइवेसी जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होता कि उन्हें आपकी जरूरत नहीं है. हर बच्चा अलग होता है और अलग तरीके से काम करता है. अगर पैरेंट्स उन पर ध्यान नहीं देते हैं तो बच्चा अक्सर पूछ लेता है कि मैंने तो आपको बताया था.. क्या आपने मेरी बात सुनी थी. पैरेंट्स को हमेशा इस तरह की सिचुएशन से बचना चाहिए।


**बच्चों में आ रहे बदलाव को समझें**

डिजिटल युग के दौरान बच्चों में भी कल्चरल बदलाव भी आ रहा है. जैसे वे देर रात में बाहर जाने के लिए बड़ों से परमिशन लेना पसंद नहीं करते हैं. भले ही यह आपके परिवार में कॉमन न हो. ऐसे में आपको बच्चों के साथ बैलेंस बनाने की जरूरत होती है, जिससे आपके बच्चे अनकंफर्टेबल महसूस न करें. आप अपने बच्चे को अनुशासन में रखने की जगह महीने में दो बार अपने दोस्तों के साथ मस्ती करने की परमिशन दे सकते हैं. साथ ही, उन्हें उनकी जिंदगी में आने वाली मुसीबतों की जानकारी देकर उन्हें आगाह कर सकते हैं।

# कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन की कमाई में मामूली बढ़त

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई के आंकड़े निराशाजनक हैं।14 जून को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।पिछले कुछ दिनों से चंदू चैंपियन की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रही है, लेकिन 12वें दिन फिल्म के कारोबार में मामूली उछाल आया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां चंदू चैंपियन ने 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं अपनी रिलीज के 12वें दिन यह फिल्म 2 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इसी के साथ अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है।बता दें कि चंदू चैंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। चंदू चैंपियन के बाद कार्तिक फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।विद्या बालन और माधुरी दीक्षित



जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाने वाली हैं।यह फिल्म 12 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। भूल भुलैया 3 2007 में आई कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया की तीसरी कड़ी है। साल 2022 में इस फिल्म का सीक्वल आया था।

# आगामी वर्षा ऋतु शुरू होने के साथ ही नगर पालिका परिषद द्वारा चलाया गया विशेष नाला सफाई महाअभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर विकास विभाग के निदेर्शानुसार आगामी वर्षा ऋतु की दृष्टिगत नगर में अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान के निदेर्शानुसार विशेष नाला सफाई महा अभियान चलाया गया। इस महा अभियान के अंतर्गत बड़ा महादेव मंदिर के सामने वाला नाला,ताज गार्डन नाला, मंगल चौक नाला, मुफीद इंटर कॉलेज के पास वाला नाला, इस कार्य में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने स्वयं उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में इस सफाई महा अभियान को सफल बनाया । इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने नगर वासियों से अपील की है कि नाले नालियों में कचरा प्लास्टिक आदि ना डालें इनके डालने से नाले रूक जाते हैं जिनसे पानी की निकासी में रुकावट पैदा होती है । यह हमारा नगर है हम सब को इसे सवछ बनाने में नगर पालिका का सहयोग करना चाहिए।

# सशक्त ईमानदार पत्रकारिता समाज का दर्पण है पुलिस अधीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**नजीबाबाद।** सशक्त ईमानदार व पारदर्शी पत्रकारिता हमेशा समाज का दर्पण बनती है और प्रशासन की ढाल बनती है मीडिया की स्वतंत्र लेखनी से ही हमें भी अपने विभाग में सुधार का अवसर मिलता है उक्त विचार नजीबाबाद जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन पंजीकृत के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बिजनौर नीरज कुमार जादौन ने व्यक्त करते हुए आगे कहा कि हमेशा पीड़ित कमजोर वर्ग की पीड़ा को प्रमुखता के साथ उठाते हुए पत्रकारों को समाज का सजग प्रहरी बनना चाहिए उनकी बातों को प्रमुखता से उजागर करने से पुलिस प्रेस की अहम भूमिका है इससे जब मीडिया समस्या उजागर करती है तो हमारे विभाग को भी कमियों का समाधान करते हुए उसे सुधारने का मौका मिलता है किसी भी सिस्टम को सुधारने के लिए पुलिस का सहयोग प्रेस बिना नहीं है उन्होंने आगे कहा कि बिजनौर जनपद ऐतिहासिक धार्मिक पौराणिक धरोहर को समेटे हुए है इसलिए मीडिया को जागरूक रहकर जनहित में भावी पीढ़ी के बीच इतिहास को लेखनी से उजागर करतें हुए मार्ग दर्शक की भूमिका अदा करना होगा विशिष्ट अतिथि डाक्टर सुभाष शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पत्रकारिता मिशन और मानव सेवा है इसलिए ईमानदार रहते हुए हमें चापलूसी से बचकर राष्ट्र व समाज हित में काम करना होगा। जिला अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता व संगठन के संयोजक महताब खान चांद के संचालन में सम्पन्न हुए एक मैरिज हाल में हुए कार्यक्रम को शराफत हुसैन कपिल सर्राफ डॉक्टर अतुल बहादुर सक्सेना प्रदीप माहेश्वरी मुकुल रंजन दीक्षित शेख अरशद नगीनवी मनोज बाल्मीकि अफसार सिद्दीकी सुभाष शर्मा विरेन्द्र शर्मा इकबाल हिन्दुस्तानी जितेंद्र जैन राजपाल चौहान नवाब अली श्रीमती फरहा परवीन नौशाद मुल्तानी सुशील कुमार अजीत यादव आसिफ मुततकी सिराजुद्दीन खां अमजद सिद्दीकी तसनीम सिद्दीकी जितेन्द्र कक्कड़ मुजफ्फर हुसैन विनोद चावला शाही अराफात शादाब जफर शादाब सपना वर्मा निधि शर्मा शहजाद नौमानी रहमान अल्वी आदि ने सम्बोधित किया जबकि थाना प्रभारी राजेंद्र पुंडीर वरिष्ठ उप निरीक्षक राजस्व निरीक्षक सहित संगठन के सभी पदाधिकारी को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। नजीबाबाद जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक सय्यद जफर जैदी ने उपस्थित अतिथियों पत्रकार साथियों समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# छात्रवृति में पारदर्शिता के लिए योगी सरकार की पहल, लागू होगा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम

ममदूद वारसी
बुलन्द संदेश ब्यूरो

- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित पूर्वदशम्, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति पाने वाले छात्रों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्णय
- प्रदेश में छात्रवृत्ति के लिए आधार बेस्ड बायोमेट्रिक प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि होगी
- प्रथम चरण में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत समूह-1 के पाठ्यक्रमों में लागू की जाएगी नई व्यवस्था
- छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा होगी अनुमन्य
- शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित कराने के निर्देश

**लखनऊ।** छात्रवृति में पारदर्शिता और छात्रों की दक्षता में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत संचालित पूर्वदशम्, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पीएम यशस्वी योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले छात्रों की दैनिक उपस्थिति को अब आधार बेस्ड बायोमिट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समूह-1 के पाठ्यक्रमों (शासकीय, गैर शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं) में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 से यह व्यवस्था पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से सम्बंधित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में लागू की जाएगी।



प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आधार बेस्ड बायोमैट्रिक प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। उपस्थिति प्रमाणित करने और इस पर होने वाले सभी व्यय का वहन संबंधित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र प्रक्रियात्मक कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

विभाग के पास यूआईडीएआई अधिकृत रवइ अवअ की सुविधा है, जिसके तहत शादी अनुदान योजना में आधार ऑथेंटिकेशन और ई-केवाईसी की सुविधा, छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदकों के आधार डेमोग्राफी/ ओटीपी ऑथेंटिकेशन की सेवाएं और कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षणार्थियों की दैनिक उपस्थिति की सुविधा श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के माध्यम से दी जा रही है।

समूह-1 के पाठ्यक्रमों में बीएएमएस, बीआर्क, बीबीए एवं एमबीए एकीकृत (बीबीए+एमबीए एकीकृत), बीडीएस., बीएफएडी, बीफार्मा., बीटेक (इंटीग्रेटेड), बीटेक/बीई, बीटेक+एमटेक इंटीग्रेटेड, डॉक्टर ऑफ फामेर्सी, एलएलएम, एलएलएम कोर्स इन ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज एजुकेशन, एलएलएम एक वर्ष, एमटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एमडीएस, एमआईबी, एमपीटी, एमफार्मा, एमएस, मास्टर ऑफ फामेर्सी (फामार्कोलॉजी), मास्टर ऑफ फामेर्सी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री), मास्टर ऑफ फामेर्सी (फार्मास्युटिक्स), एमबीए (इंटीग्रेटेड), एमसीए, एमडी आयुर्वेद, एमएस आयुर्वेद तथा पीएचडी है।

## सरकार ने व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा रामभरोसे छोड़ रखी है: बजरंग गर्ग

# सरकार को हरियाणा में गुंडागर्दी खत्म करने के लिए पहले की तरह पक्का चीरा लगाने की जरूरत है: बजरंग गर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)** । हिसार में अपराधियों द्वारा तीन व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग के नेतृत्व में एशिया की सबसे बड़ी मार्केट ऑटो मार्केट ऐतिहासिक रूप से बंद रही। ऑटो मार्केट बन्द के समर्थन में नई अनाज मंडी, खगानची बाजार व स्वर्ग कार संघ पूरी तरह से बंद रही और बन्द के दौरान व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑटो मार्केट में तीन व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने से प्रदेश के व्यापारी व आम जनता में बड़ा भारी रोष है। अपराधियों द्वारा महिंद्रा शोरूम पर लगभग 30 राउंड फायरिंग करके 5 करोड़ रुपए की, भीम ऑटो मोबाइल पर 2 करोड रुपए की, गोयल कार असैसरिज पर 2 करोड रुपए की तीन दिन लगातार फिरौती मांगने से यह सिद्ध हो जाता है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। हरियाणा में अपराध करने के मामले में अपराधी चुस्त है और सरकार पूरी तरह से सुस्त है और अपराधी खुलेआम पटाखे की तरह फायरिंग करके भाग जाते हैं और पुलिस प्रशासन आंख मूंद कर तमाशा देखती रहती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में गुंडागर्दी रोकने के लिए पहले की तरह सरकार को अपराधियों को पक्का चीरा लगाने की जरूरत है ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में लूटपाट, फिरौती, हत्या की वारदात करने की हिम्मत ना कर सके। बजरंग



गर्ग ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने तुरंत अपराधियों को पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की तो व्यापार मंडल हिसार जिला व हरियाणा बंद का आह्वान करेगा। मुख्यमंत्री अपराध को रोकने की बजाएं दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने में व्यस्त है। सरकार ने जनता की जान माल की सुरक्षा सिर्फ राम भरोसे छोड़ रखी है।

इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी संजय गुप्ता, मनीष गोयल व किट्टू बंसल,ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन प्रधान बंटी गोयल, पूर्व प्रधान ईश्वर गोयल, ऑटो मार्केट विश्वकर्मा सभा एसोसिएशन प्रधान प्रताप मिस्त्री, कृष्ण चौधरी, रामनिवास राड़ा, वीर सिंह खालिया, राजगुरु मार्केट आगेर्नाइजेशन के प्रधान अजय सैनी, संरक्षक अक्षय मलिक, वशिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सैनी, महासचिव सुरेंद्र सोनी, खगानची बाजार एसोसिएशन प्रधान नगर मल गुरी, व्यापार मंडल युवा शहरी प्रधान मंगल ढालिया, अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, वशिष्ट उप प्रधान जगदीश गोदारा, बजरंग असरावां, मंडी हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन, स्वर्ग कार संघ के प्रधान राम निवास सोनी, जगदीश तायल, डोगरण मोहल्ला मार्केट प्रधान प्रदीप शर्मा, महामंत्री राज कुमार वर्मा, रमेश वत्स, कृष्ण वर्मा, प्रवीण सिंगल, होलसेल पाट्र्स एसोसिएशन प्रधान अशोक शर्मा, अनूप गुप्ता, धर्मशाला संगठन के सचिव हंसराज नारंग, बलदेव ग्रोवर, जजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रवक्ता विपिन गोयल, हिसार संघर्ष समिति के प्रधान जितेंद्र श्योराण, पार्षद जगमोहन मित्तल, सेक्टर 9-11 एसोसिएशन प्रधान प्रवीण गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेम चोपड़ा, अनूप गुप्ता, अशोक बंसल, गोपाल बंसल, अमित गोयल, गौरव गोयल, पूर्व प्रधान ऋषि देव आहूजा, हरि सिंह बेनीवाल, सुभाष कटारिया, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, रोशन लाल गोयल, सुरेश मय्यड़, अशोक जैन, जितेंद्र गुप्ता, मिनी बुडाकिया, बबलू कुमार, पवन गोयल, राजेंद्र सैनी, ओम प्रकाश बजाज, विजय कटारिया, रोहित थरेजा, राहुल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# ट्यूबवेल का ताला तोड़ के निकाला समान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू** । पहासू के गांव खंडार में विधवा ने ग्राम प्रधान पर अपने साथियों के साथ उसके ट्यूबवेल पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ताला तोड़ कर मोटर, स्टार्टर स्प्रे मशीन व झटका मशीन ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। ताला तोड़कर समान निकालने का वीडियो भी वायरल हो रहा है,हालांकि विराट वैभव इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

तहरीर देते हुए विधवा महिला सुराजवती पत्नी स्व0 प्रताप सिंह का कहना है कि प्रधानी के चुनाव में वोट नहीं देने से वह उससे रंजिश मानता है तथा उसे गांव से भाग जाने की धमकी देता है। पीड़िता ने प्रधान और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग की है।

# सपा के लिए बेहतर होता कि वह देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार को घेरती: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सेंगोल मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोला। उन्होंने उसके सभी हथकण्डों से सावधान रहने की सलाह दी।

बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं लगाना, इस पर बोलने की बजाय सपा के लिए बेहतर होता कि वह देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार को घेरती। सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है तथा सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरुद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरुषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकण्डों से सावधान रहें। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी ने संसद भवन में सेंगोल को हटाकर उसके स्थान पर संविधान रखने की मांग की है। समाजवादी पार्टी के सांसद आर.के. चौधरी ने एक चि्ी लिखकर संसद भवन से सेंगोल को हटाने की मांग की है। अब इसके लेकर भाजपा ने विरोध जताया है।

आर.के. चौधरी ने कहा, संविधान लोकतंत्र का प्रतीक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संसद में सेंगोल स्थापित किया। 'सेंगोलइ का अर्थ है 'राज-दंडइ या 'राजा का डंडाइ। रियासती व्यवस्था खत्म होने के बाद देश आजाद हुआ। क्या देश 'राजा के डंडेइ से चलेगा या संविधान से मैं मांग करता हूं कि संविधान को बचाने के लिए सेंगोल को संसद से हटाया जाए।

# शासन के निर्देश के अनुरूप स्कूल को, बच्चों के स्वागत के लिए सजाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्वागत के साथ साथ बच्चों को कराया भोजन**






**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** शुक्रवार 28 जून को विकास खण्ड बहजोई में शासन के निर्देशों के अनुरूप स्कूल को ,बच्चों के स्वागत के लिए सजाया गया । रोली चंदन लगाकर बच्चों को स्कूल के अन्दर प्रवेश कराया गया।कोलाज/पोस्टर के माध्यम से गतिविधि करते हुए उनकी रुचि के अनुसार स्वागत किया गया । बच्चों से पौधारोपण भी कराया गया और विशेष पकवान भी बनाया गया तथा समर कैंप का भी आयोजन किया गया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पाठकपुर तथा पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुलेटा प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की मढैया में शिक्षकों के साथ-साथ खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई विनोद कुमार द्वारा भी विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया।

## रोजगार

## 6 माह के अंदर शुरू होगा फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य, 3 साल में फिल्मी गतिविधियां हो सकेंगी शुरू

# फिल्म सिटी से 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार, 5-7 लाख को अप्रत्यक्ष रूप से होगा लाभ

अबदुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन साल के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। यही नहीं,फिल्म सिटी के निर्माण से प्रदेश और आसपास के राज्यों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। यही नहीं, स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी।

इसके अलावा, प्रदेश के जो लोग मुंबई, हैदराबाद व चेन्नई जैसे राज्यों में फिल्मों में अवसर तलाश रहे हैं, उन्हें यहां अवसर मिल सकेंगे, जबकि फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना से फिल्मों में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं का यह सपना साकार हो सकेगा।

**3 साल में फिल्म से जुड़ी गतिविधियां होंगी शुरू**

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यीडा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण मुख्यमंत्री जी का सपना था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। इस फिल्म सिटी का निर्माण कार्य 4 से 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और 3 साल में यहां फिल्म से जुड़ी जितनी भी गतिविधियां होती हैं वो भी शुरू हो जाएंगी। फिल्म सिटी की शुरूआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा। कलाकार, टेक्नीशियन, मिक्सर, कैमरामैन, स्टोरी राइटर समेत ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं जो प्लेटफॉर्म न मिल पाने के कारण प्रदेश के अंदर ही दम तोड़ देती हैं, उनको यह फिल्म सिटी एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।

**स्किल्ड के साथ-साथ अनस्किल्ड को भी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी में मिल सकेंगे रोजगार के साधन**

**इसलिए खास होगी फिल्म सिटी**

उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिटी बिल्कुल अलग होगी। अभी देश भर में जितनी भी फिल्म सिटी हैं, उनमें जो भी कमियां हैं, उन्हें इस फिल्म सिटी में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें ट्रैवल टाइम कम होगा, क्योंकि बाकी फिल्म सिटी में ट्रैवलिंग में बहुत टाइम लगता है, चाहे वो मुंबई हो या हैदराबाद। यहां पर एयरपोर्ट है, जो फिल्म सिटी से बिल्कुल सटा हुआ है।

इसलिए यहां मूवमेंट करना बहुत आसान है और टाइम की भी बचत होती है। इसके अलावा यहां एकमोडेशन की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही शूटिंग के जो आउटडोर लोकेशन होते हैं वो भी यहां स्थापित किए जाएंगे। यहां फिल्म इंस्टीट्यूट भी बनेंगे, जहां ट्रेनिंग लेकर युवा फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर तलाश सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी में एक कंप्लीट इकोसिस्टम होगा।

यहां पर हिमाचल भी होगा, कुल्लू मनाली भी होगा, कश्मीर भी होगा, रोड, एयरपोर्ट और हैलीपैड भी होगा। शूटिंग के लिए मंदिर भी होगा, मस्जिद और गिरिजाघर भी होगा।

रहने के लिए विला होंगे, शूटिंग के लिए बैकलॉट्स होंगे,फिल्म इंस्टीट्यूट्स होंगे, जिसमें बच्चे पढ़कर के अभिनय सीखकर के काम कर सकेंगे। साउंड मिक्सिंग और वीएफएक्स जैसी तकनीक का भी उपयोग होगा।

**वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर**

मुंबई की फिल्म सिटी से तुलना पर उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवपलमेंट के पास वर्ल्ड क्लास का इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां पर रैपिड रेल है, मेट्रो है, इंडियन रेल भी यहां पर आ रही है, ट्रांजिट रेल भी आ रही है। साथ ही यहां पर होटल्स, विला जैसी सुविधाएं हैं। यहां पर न ट्रैवल टाइम है, न रहने की समस्या है। यहां पर मिक्सिंग भी रहेगा, ओटीटी प्लेटफॉर्म भी रहेगा, स्टूडियो भी रहेंगे। फिल्म सिटी के इम्पैक्ट को लेकर उन्होंने बताया कि इसका पूरे प्रदेश की इकॉनमी पर मल्टीप्लायर इफेक्ट पड़ेगा। जब फिल्म सिटी पूरी तरह से तैयार हो जाएगी तो लगभग 50 हजार लोगों को इसके माध्यम से रोजगार मिल सकेगा। 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267